NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 14 अंकः 98 लखनऊ, शनिवार 23 नवंबर 2024 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## 701 वन दरोगाओं को योगी ने दिया नियुक्ति पत्र

### कहा भाई-भतीजावाद खत्म कर सरकार कर रही निष्पक्ष-पारदर्शी भर्तियां



लखनऊ,22 नवंबर 2024 (यूएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 701 वन दरोगाओं का नियुक्ति पत्र वितरण किया। शुक्रवार को लखनऊ के लोकभवन सभागार में वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों और सरकारी प्रतिबद्धताओं को साझा करते हुए सभी नव नियुक्त वन दरोगाओं को उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया और उन्हें बधाई दी। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि सरकार प्रदेश में व्याप्त भाई–भतीजावाद को खत्म कर निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की है। सीएम योगी ने कहा कि यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष थी, जिसमें मेरिट के आधार पर युवाओं को उनके सपनों को साकार करने का मौका दिया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (न्ैै) की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2017 से अब तक सात लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यह पारदर्शिता और निष्पक्षता का परिणाम है कि युवाओं को बिना किसी भेदभाव के रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि पहले जब उत्तर प्रदेश में कोई भर्ती निकलती थी तो महाभारत के रिश्ते एक साथ टपक पढ़ते थे। हम लोगों ने इस पूरी भर्ती की प्रक्रिया से सारे नातेदारी और रिश्तेदारी को खत्म किया है। सीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और विभाग को बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा गया कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता हमारे परिवार का हिस्सा है और कोई भी भेदभाव उनके साथ नहीं होना चाहिए, किसी भी नौजवान के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। सीएम ने कहा कि आपने देखा होगा कि सारी प्रक्रियाओं को बेहद पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जा रहा है। सीएम योगी ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि सरकार इतने पारदर्शी तरीके के साथ इस पूरे प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए आयोग और बोर्ड की मदद से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है इसलिए सरकार आपसे बेहतर पारदर्शी और निष्पक्ष कार्य की अपेक्षा भी करती है। सरकार बनते ही 2017 में हमने सभी आयोग और बोर्ड को बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा था कि भाई याद रखना नियुक्ति की प्रक्रिया में उसकी सुचिता उसके पारदर्शिता में किसी भी प्रकार का कहीं खोट नजर नहीं आना चाहिए और जो भी जिस भी स्तर पर लापरवाही होगी वहां पर जवाब देही भी सुनिश्चित होगी और उसका परिणाम है कि गत साढ़े सात वर्ष के अंदर हम 7 लाख से अधिक नौजवानों को उत्तर प्रदेश सरकार में सरकारी नौकरी देने में सफल हुए जो प्रधानमंत्री मोदी जी का विजन था कि यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शी और ईमानदारी तरीके से संपन्न होने चाहिए आज वह प्रक्रिया प्रदेश के अंदर पूरी मजबूती के साथ उतारी जा रही है सीएम योगी ने कहा कि पिछले साढ़े सात वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश ने अपने अर्थव्यवस्था को लगभग दोगुनी करने में सफलता प्राप्त की है। प्रति व्यक्ति आय दोगनी हुई है। 7 लाख से अधिक नौजवानों को तो हम सरकारी नौकरी दे दिए हैं और हम दो करोड़ से अधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी का अवसर प्रदान करने सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश परंपरागत उद्यम को पुनर्जीवित किया है। आज प्रदेश में रोजगार की कमी नहीं है और यह तो हमारा सौभाग्य है कि देश का सर्वाधिक युवा हमारे पास है और वह कामकाजी है स्किल मैनपॉवर है, उसकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ हम राज्य के लिए ले रहे हैं। कोई सरकारी नौकरी के माध्यम से कोई स्टार्टअप के माध्यम से कोई एमएसएमई के माध्यम से जीवन के अलग–अलग फील्ड में जा करके वह अपना योगदान दे रहा है। सीएम योगी ने कहा कि नवनियुक्त 701 वन दरोगाओं में 140 महिलाएं शामिल हैं, जो महिला आरक्षण नीति के तहत किए गए प्रयासों का प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह हमारी प्रतिबद्धता है कि महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर प्रदान किए जाएं। महिलाओं की भागीदारी पर्यावरण संरक्षण के अभियान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की सभी भर्ती प्रक्रिया में 20 प्रतिशत महिलाओं का चयन कर रह है। आगमी पुलिस भर्ती में भी बड़ी संख्या में महिलाओं का चयन सुनिश्चित किया जाएगा। सीएम योगी ने ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसे मुद्दों को आज के समय की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि लखनऊ समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में हाल ही में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा। यह स्थिति हमें चेतावनी देती है कि हमें पर्यावरण के प्रति और अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है।

## मणिपुर हिंसा पर सरकार का बड़ा एक्शन, तैनात होंगे 10,000 अतिरिक्त सैनिक, शांति बहाल की कोशिश जारी

***सिंह ने कहा कि मई 2023 में मैतेई समुदाय और कुकी जनजातियों के बीच झड़प शुरू होने के बाद से सुरक्षा बलों ने अब तक पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए लगभग 3,000 हथियार बरामद किए हैं।***



केंद्र जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में 10,000 से अधिक सैनिकों को भेजेगा, जिससे पड़ोसी राज्य म्यांमार में केंद्रीय बलों की कुल कंपनियों की संख्या 288 हो जाएगी। मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने राज्य की राजधानी इम्फाल में संवाददाताओं से कहा, 90 कंपनियों या केंद्रीय बलों के लगभग 10,800 कर्मियों के साथ, मणिपुर में तैनात कंपनियों की कुल संख्या 288 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि हमें बलों की 90 कंपनियां मिल रही हैं।श इसका एक बड़ा हिस्सा पहले ही इंफाल पहुंच चुका है। हम नागरिकों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने और संवेदनशील क्षेत्रों और बिंदुओं की निगरानी के लिए बलों का वितरण कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि मई 2023 में मैतेई समुदाय और कुकी जनजातियों के बीच झड़प शुरू होने के बाद से सुरक्षा बलों ने अब तक पुलिस शस्त्रागार से लूटे गए लगभग 3,000 हथियार बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सेना, असम राइफल्स, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सशस्त्र सीमा बल सहित सभी बल मिलकर काम कर रहे हैं।वहीं, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 16 नवंबर को विरोध प्रदर्शन के दौरान मंत्रियों और विधायकों की संपत्ति लूटने में शामिल संदिग्धों की पहचान कर ली गई है और इस संबंध में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने एक मंत्री के दिवंगत पिता की तस्वीर को उनके घर में जलाने, एक विधायक के आवास में लूटपाट करने और एक कार शोरूम में गोलीबारी करने जैसी घटनाओं की निंदा की और आश्चर्य जताया कि क्या इस तरह के कृत्य किसी आंदोलन का हिस्सा हो सकते हैं।

## पीएम मोदी को संजय सिंह ने बताया अडानी का प्रधानमंत्री, बोले- भैंस या मंगलसूत्र की चोरी जैसी..




नई दिल्ली 22 नवम्बर (एजेंसी)आप सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गौतम अडानी का पक्ष लेने का आरोप लगाया और कहा कि शेयर बाजार में बड़े नुकसान के लिए वह जिम्मेदार हैं। सिंह ने कहा कि आज पूरा देश उथल–पुथल में है। प्रधानमंत्री मोदी के मित्र अडानी द्वारा की गई धोखाधड़ी के कारण लोगों की लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति शेयर बाजार में नष्ट हो गई है। उन्होंने हिंडनबर्ग रिपोर्ट घटना को याद करते हुए कहा कि तब भी ऐसी ही दुर्घटना हुई थी, लेकिन प्रधानमंत्री चुप रहे। संजय सिंह ने कहा कि भैंस या मंगलसूत्र की चोरी जैसी छोटी–मोटी चोरियों पर टिप्पणी करने वाले मोदी जनता के लाखों करोड़ रुपये गायब होने पर चुप रहते हैं। सिंह ने पीएम मोदी की अंतरराष्ट्रीय यात्राओं पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि इससे देश के बजाय अडानी को फायदा होता है। उन्होंने कहा कि जब प्रधान मंत्री विदेश यात्रा करते हैं, तो लोगों का मानना घ्घ्घ्है कि वह विश्व स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। लेकिन असल में वो अपने दोस्त अडानी को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। सिंह ने आरोप लगाया कि अडानी ने अमेरिकी जांच के बारे में भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों को गुमराह किया और नियामक निष्क्रियता पर सवाल उठाया। सिंह ने मोदी को अडानी का प्रधानमंत्री करार देते हुए कहा कि सेबी चुप क्यों है? मोदी अडानी को क्यों बचा रहे हैं?

## सुरक्षा चूक मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने कौन सी याचिका कर दी खारिज? क्या है पूरा मामला



नई दिल्ली 22 नवम्बर (एजेंसी)सुप्रीम कोर्ट ने उन गवाहों के बयानों तक पहुंच के पंजाब सरकार के अनुरोध को खारिज कर दिया, जिन्होंने 5 जनवरी, 2022 को राज्य में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान सुरक्षा उल्लंघन की जांच के लिए गठित आयोग के समक्ष गवाही दी थी। हमें पंजाब सरकार द्वारा किए गए अनुरोध पर विचार करने का कोई आधार नहीं दिखता। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा, राज्य जांच समिति के समक्ष गवाहों द्वारा दिए गए बयानों की सहायता के बिना दोषी अधिकारियों के खिलाफ अपनी जांच कर सकता है।पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने बयानों की प्रति मांगते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया और कहा कि वह लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ जांच करना चाहती है। 12 जनवरी, 2022 को,ै ने अपने पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा घ्को उस सुरक्षा उल्लंघन की जांच के लिए एक जांच समिति का प्रमुख नियुक्त किया, जिसके कारण पीएम मोदी का काफिला 20 मिनट तक फ्लाईओवर पर फंसा रहा। समिति ने अपनी रिपोर्ट में फिरोजपुर के तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरमनदीप सिंह हंस को दोषी ठहराते हुए कहा कि वह कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में विफल रहे...या मार्ग को मजबूत करने के लिए तैनाती के लिए कोई कदम उठाने में विफल रहे

## गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की

***अधिकारी ने बताया कि बैठक के दौरान गृह मंत्री ने अपराध के प्रति सरकार की ''बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने'' की नीति पर जोर दिया और कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।***



गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।शाह ने दिल्ली के प्रत्येक निवासी को सुरक्षित महसूस कराने के महत्व को रेखांकित किया तथा इस बात पर बल दिया कि दिल्ली की सुरक्षा में जनता का विश्वास सुनिश्चित करना प्रत्येक पुलिस अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।अधिकारियों के अनुसार, गृह मंत्री ने दिल्ली की कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए एक बैठक की। बैठक में गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने पुलिस बल के निर्णायक तरीके से काम करने पर जोर दिया, ताकि राष्ट्रीय राजधानी में जन सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जा सके।अधिकारी ने बताया कि बैठक के दौरान गृह मंत्री ने अपराध के प्रति सरकार की ''बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने'' की नीति पर जोर दिया और कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी।शाह ने पुलिस को सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े प्रमुख क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए विशेष कार्ययोजनाएं बनाने और केंद्रित अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के साथ–साथ अपराधियों में डर पैदा करने के लिए काम करना चाहिए।

## लोकायुक्त संशोधन विधेयक विधान परिषद में पेश, नारा लोकेश ने गठबंधन सरकार की प्रतिबद्धता पर दिया जोर

***समिति में एक विपक्षी दल के सदस्य को शामिल करने के परिषद सदस्य केएस लक्ष्मण राव के सुझाव को संबोधित करते हुए, लोकेश ने दोहराया कि संशोधन सख्ती से उन स्थितियों से संबंधित है जहां विपक्ष का कोई आधिकारिक नेता नहीं है।***



22 नवम्बर (एजेंसी)शिक्षा और आईटी मंत्री नारा लोकेश ने विधान परिषद में आंध्र प्रदेश लोकायुक्त संशोधन विधेयक पेश किया, जिसमें लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए गठबंधन सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। विधेयक 2024 के चुनावों के बाद विधान सभा में विपक्ष के नेता की अनुपस्थिति को संबोधित करता है। संशोधन में लोकायुक्त सदस्य चयन समिति में बदलाव का प्रस्ताव है, जिसमें पहले मुख्यमंत्री, अध्यक्ष, गृह मंत्री (या कोई मंत्री), विपक्ष के नेता और परिषद के अध्यक्ष शामिल थे। विपक्ष के नेता की अनुपस्थिति में समिति अब शेष चार सदस्यों के साथ काम करेगी। लोकेश ने स्पष्ट किया कि संशोधन निरंतरता सुनिश्चित करता है और विपक्षी नेताओं की भूमिका को समाप्त नहीं करता है।समिति में एक विपक्षी दल के सदस्य को शामिल करने के परिषद सदस्य केएस लक्ष्मण राव के सुझाव को संबोधित करते हुए, लोकेश ने दोहराया कि संशोधन सख्ती से उन स्थितियों से संबंधित है जहां विपक्ष का कोई आधिकारिक नेता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि लोकायुक्त के कामकाज में निरंतरता की आवश्यकता है, जिसमें लोकायुक्त अध्यक्ष, आमतौर पर एक सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और उप लोकायुक्त, आमतौर पर एक सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश की नियुक्ति के लिए दिशानिर्देश शामिल हैं। हाल के लोक लेखा समिति (पीएसी) चुनावों पर विचार करते हुए, लोकेश ने नामांकन दाखिल करने के बाद मतदान से दूर रहने के लिए वाईएसआरसीपी की आलोचना की। उन्होंने इस स्थिति के लिए पूर्व मुख्यमंत्री जगन रेड्डी की विधानसभा से अनुपस्थिति को जिम्मेदार ठहराया

## मुंबई क्राइम ब्रांच का एक्शन, एक और आरोपी सुमित वाघ

***ध्यान रखना उचित है कि वाघ पर नरेशकुमार (एक अन्य गिरफ्तार आरोपी, गुरनेल सिंह के भाई) और एक अन्य सह-साजिशकर्ता, रूपेश मोहोल और हरीशकुमार को धन हस्तांतरित करने सहित अपराधों के तहत आरोप लगाया गया है, जिन्हें भी मामले में गिरफ्तार किया गया है।***



मुंबई 22 नवम्बर (एजेंसी)क्राइम ब्रांच की टीम ने इससे पहले अक्टूबर में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की नृशंस हत्या के मामले में एक और व्यक्ति को पकड़ा था। जारी जानकारी के मुताबिक, हिरासत में लिए गए शख्स की पहचान अकोला जिले के रहने वाले सुमित वाघ के रूप में हुई है। उन पर आरोपियों तक पैसे पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। हत्या की जांच के दौरान कथित संबंध सामने आने के बाद अधिकारियों ने सुमित वाघ को पकड़ लिया। 26 साल के वाघ को मुंबई क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है और उसे मुंबई लाया जा रहा है। ध्यान रखना उचित है कि वाघ पर नरेशकुमार (एक अन्य गिरफ्तार आरोपी, गुरनेल सिंह के भाई) और एक अन्य सह–साजिशकर्ता, रूपेश मोहोल और हरीशकुमार को धन हस्तांतरित करने सहित अपराधों के तहत आरोप लगाया गया है, जिन्हें भी मामले में गिरफ्तार किया गया है।

इसके अलावा, यह भी आरोप लगाया गया है कि वाघ के माध्यम से किए गए लेनदेन वांछित आरोपी शुभम लोनकर के आदेश पर किए गए थे। प्राप्त जानकारी के आधार पर, गिरफ्तार आरोपी सलमान वोरा के नाम पर पंजीकृत नए खरीदे गए सिम कार्ड का उपयोग करके आरोपी द्वारा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से लेनदेन किया गया था। गिरफ्तार आरोपी सलमान वोरा के नाम से बैंक खाता भी खोला गया था।

## चुनावी नजीतों से पहले हाई अलर्ट में कांग्रेस, झारखंड और महाराष्ट्र के नियुक्तिकिये आर्ब्जवर



नई दिल्ली 22 नवम्बर (एजेंसी)दिग्गज नेताओं अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और डॉ. जी परमेश्वर को महाराष्ट्र में उभरती राजनीतिक स्थिति पर नजर रखने का काम सौंपा गया है। यह तिकड़ी राज्य में सरकार के गठन और गठबंधन की रणनीतियों पर केंद्रीय नेतृत्व को रणनीतिक मार्गदर्शन और रिपोर्ट प्रदान करेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव के बाद के घटनाक्रम की निगरानी के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। दिग्गज नेताओं अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और डॉ. जी परमेश्वर को महाराष्ट्र में उभरती राजनीतिक स्थिति पर नजर रखने का काम सौंपा गया है। यह तिकड़ी राज्य में सरकार के गठन और गठबंधन की रणनीतियों पर केंद्रीय नेतृत्व को रणनीतिक मार्गदर्शन और रिपोर्ट प्रदान करेगी।वहीं, वरिष्ठ नेता तारिक अनवर, तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एम भट्टी विक्रमार्क और कांग्रेस के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव कृष्णा अल्लावुरु झारखंड की देखभाल करेंगे। नेता मुंबई और रांची में होंगे और करीबी नतीजे या त्रिशंकु विधानसभा होने की स्थिति में उभरती राजनीतिक स्थितियों से निपटने के लिए रणनीति बनाने में राज्य नेतृत्व की मदद करेंगे। पर्यवेक्षक पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की आंख और कान के रूप में भी कार्य करेंगे। महाराष्ट्र में, महा विकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) शामिल हैं, ने यह सुनिश्चित करने का फैसला किया है कि उसके सभी विजेता एक ही छत के नीचे रहें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई अवैध शिकार का प्रयास न हो।

# बेसिक शिक्षा परिषद की दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

## -खेलों से बच्चों का होता है मानसिक और शारीरिक विकास : गिरीश पति त्रिपाठी



अयोध्या। (आरएनएस )बेसिक शिक्षा परिषद की दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर विद्यालय क्रीड़ा संस्थान मकबरा में मुख्य अतिथि महापौर गिरीश पति त्रिपाठी,रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ,नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता गोसाईगंज विधायक अभय सिंह और जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने मैदान से आसमान की ओर गुब्बारे छोड़कर औपचारिक रूप से खेल प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में सभी मुख्य अतिथियों का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय नोडल खेल प्रभारी राजेश कुमार सिंह और अन्य खंड शिक्षा अधिकारियों ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को बुके और स्मृति चिन्ह,बैच और टोपी लगाकर स्वागत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य अतिथियों के सामने जिले के सभी विकास खंडों के बच्चों ने मार्च पास्ट करके सलामी दिया और मुख्य अतिथियों के समक्ष 100 मीटर की दौड़ कराई गई , कार्यक्रम के प्रारंभ में मनमोहक स्वागत गीत और योग का कार्यक्रम प्रस्तुत करके प्यारे नन्हे मुन्ने बच्चों ने मुख्य अतिथियों और मैदान में सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। महापौर गिरीश पर त्रिपाठी ने कहा कि खेलों से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है बच्चे शिक्षा के साथ–साथ खेलों से काफी कुछ सीखते हैं। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार खेलों के माध्यम से बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार लगातार बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ खेलों में आगे बढ़ने की दिशा में प्रयत्नशील है सरकार की कोशिश है कि बच्चे खेलों में आगे जाएं। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने कहा कि बच्चों को खेलों के साथ योग शिक्षा देना भी बेहद आवश्यक है। श्री सिंह ने तारुन ब्लॉक के योग शिक्षक अल्केश पांडे की मंच से ही सराहना किया और कहां की ऐसे शिक्षकों की आवश्यकता है जो बच्चों को शिक्षा के माध्यम से आगे लेकर जाएं। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने कहा कि बच्चे खेलों के माध्यम से लगातार नाम रोशन कर रहे है जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण लक्ष्य के साथ–साथ बच्चों को खेलों में भी बेहतर करने की आवश्यकता है। जिले के बाद मंडलीय खेल प्रतियोगिता में बेहतर करने के लिए जिलाधिकारी ने बच्चों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दिया। कार्यक्रम में आए सभी मुख्य अतिथियों का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आभार जताया। इस दौरान शिक्षक प्रतिनिधियों ने भी सभी मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, प्रा शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष संजय सिंह प्रा शि संघ जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी, महामंत्री चक्रवर्ती सिंह, महामंत्री प्रम वर्मा, जूनियर शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी, महामंत्री चंद्रजीत यादव, राष्ट्रीय शैक्षिक संघ जिला संयोजक अजीत सिंह, महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा साहू पीएसपीएस प्रदेश संयोजक पंकज यादव,विशिष्ट बीटीसी जिलाध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति,धीरज शुक्ला, सरवर आलम, पंकज द्विवेदी,अजय कुमार सिंह, हरकिशन निषाद, अवधेश सिंह, डॉ नीरज शुक्ला अनुज सिंह ,अनिल पांडेय,संतोष द्विवेदी, अवधेश यादव, अभिनव सिंह राजपूत,मीडिया प्रभारी अनूप द्विवेदी ,अंजनी ओझा,मुकेश सिंह, संतोष यादव, रवींद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पांच सौ साल पहले एकजुट हुए होते, तो नहीं देखना पड़ता गुलामी का मुंह : सीएम योगी

## -मुख्यमंत्री ने सुग्रीव किले के श्री राजगोपुरम द्वार का किया अनावरण, संत सम्मेलन में हुए शामिल



अयोध्या(एजेंसी )। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में सुग्रीव किले के भव्य श्री राजगोपुरम द्वार का अनावरण किया। इस अवसर पर देशभर से आए साधु–संतों को संबोधित करते हुए उन्होंने अयोध्या की पौराणिक और ऐतिहासिक महत्ता की चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में भव्य श्रीराममंदिर के निर्माण और सनातन धर्म की एकता पर बल देते हुए कहा कि जो काम 500 साल से रुका हुआ था, जिसके लिए न जाने कितनी पीढ़ियां बलिदान हो गईं, वो केवल सनातनियों के एकजुट होने मात्र पर मोदी जी के नेतृत्व में दो वर्ष में ही पूरा हो गया। अगर 500 साल पहले हमने एकता दिखाई होती, तो गुलामी का सामना नहीं करना पड़ता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी स्मृतियां हमें समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती हैं। जब भी हम एकता का परिचय देंगे, तो दुनिया की कोई ताकत हमें कमजोर नहीं कर सकेगी। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण को पीढ़ियों के संघर्ष का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि 500 साल का लंबा इंतजार समाप्त हुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान करने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों की एकता को इस सफलता का आधार बताया। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में धर्म और समाज को कमजोर करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या जो समाज और राष्ट्र को कमजोर करती हो, हमें उससे खुद को अलग करना होगा। ऐसे तत्वों को बेनकाब कर समाज से अलग–थलग करना धर्म का कार्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुग्रीव किला का संबंध देवरहा बाबा से भी रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्थल श्रीराम के वनवास काल से जुड़ा है, जब भरत जी ने इसे श्रीराम के निवास के लिए तैयार किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले इस किले तक पहुंचने का मार्ग संकरा था, लेकिन अब इसे चौड़ा और सुगम बना दिया गया है। उन्होंने इसे अयोध्या के विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया। योगी ने कहा कि अयोध्या अब न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण का केंद्र है, बल्कि विश्व की सबसे सुंदर नगरी के रूप में भी विकसित हो रही है। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के विकास की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन चुका है, जो अयोध्या को वैश्विक स्तर पर जोड़ने में मदद करेगा। उन्होंने अयोध्या को विश्व की सबसे सुंदर नगरी बनाने का संकल्प दोहराया और इसे अयोध्यावासियों की जिम्मेदारी बताया कि वे इस धरोहर को सुरक्षित और संरक्षित रखें। मुख्यमंत्री ने अयोध्या के विकास के साथ अन्य धार्मिक स्थलों के कायाकल्प की भी बात कही। उन्होंने कहा कि संतों के मार्गदर्शन में अयोध्या को श्रीराम के आदर्शों वाली नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने संत पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के योगदान का भी उल्लेख करते हुए उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त किया। इस अवसर पर जगद्गुरू रामानुजाचार्य पूज्यस्वामी श्रीविश्वेशप्रपन्नाचार्य जी महाराज, श्रीरंगम से पधारे संतजन, हनुमानगढ़ी के श्रीमहंत धर्मदास जी महाराज, श्रीमहंत रामलखन दास, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी सहित पूज्य संतजन एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# जिन गंतव्य स्थलों को मिलेगा सबसे ज्यादा वोट, वहां विकसित होंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

## –प्रदेश के पर्यटन स्थल को दीजिए वोट, सीएम ने अयोध्या से महाअभियान का किया शुभारंभ
## –राज्य में पर्यटन विकास के लिए जनसामान्य, जन प्रतिनिधि और अफसर सभी दें अपनी राय

अयोध्या(आरएनएस )। देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की ओर से "देखो अपना देश– पीपल्स चॉइस 2024" कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसे उत्तर प्रदेश पर्यटन महाअभियान के रूप में चला रहा है। जिसका शुभारंभ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में बुधवार को किया।25 नवंबर 2024 तक चलने वाले इस कैंपेन में जनसामान्य से लेकर जनप्रतिनिधि और अफसर सहित अन्य लोग राज्य में स्थित अपने पसंदीदा पर्यटन स्थल को वोट देंगे। साथ ही, सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। महाभियान में सबसे अधिक योगदान देने वाले को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश विश्व पर्यटन के मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। वर्ष 2023 में यहां 48 करोड़ से अधिक पर्यटक आए थे। यानी जितनी यहां की आबादी है उससे लगभग दोगुना पर्यटकों की संख्या। आंकड़े बताते हैं कि प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान बुद्ध की यह धरती देश में सबसे अधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करती है। विदेशी पर्यटकों के आगमन में यह उपलब्धि हासिल करने के निरंतर प्रयास किया जा रहा है। पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए पर्यटन स्थलों, सड़क के किनारे होटल, ढाबे, वैवाहिक स्थलों आदि में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही कनेक्टिविटी पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है।' भारत सरकार के कैंपेन "देखो अपना देश–पीपल्स चॉइस 2024" को प्रदेश सरकार महाअभियान के रूप में चला रही है। इसका उद्देश्य प्रदेश के धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े स्थल, ऐतिहासिक, प्राकृतिक विरासत आदि सर्वश्रेष्ठ पर्यटक स्थलों के सबंध में आम लोगों की राय जानना है। ताकि इन स्थलों को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित किया जा सके।

महाभियान के तहत 25 नवंबर तक विद्यार्थी, युवा पर्यटन क्लब के सदस्य, शिक्षक, अधिकारी गण, सभी जनप्रतिनिधि सहित अन्य सभी लोग क्यूआर कोड स्कैन कर पोर्टल पर फॉर्म भर कर अपने पसंदीदा पर्यटन आकर्षण को बताएंगे। इसके साथ ही हाल में कहां घूमे हैं, कहां घूमने की योजना बना रहे हैं। प्रत्येक जिले के प्रमुख स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जा रहे है। यहां सेल्फी लेकर क्यूआर कोड के माध्यम से फोटो और रील्स अपलोड कर सकते है। महाभियान में सबसे अधिक योगदान देने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, कि 'महाभियान को सफल बनाने के लिए सभी जिलाधिकारियों और मंडलायुक्तों को निर्देशित किया गया है। इस अभियान में इन्फ्लुएंसर, ब्लॉगर सहित अन्य लोगों को शामिल किया गया है, जो अधिक से अधिक योगदान देकर इस महाभियान को सफल बनाएंगे।

# सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्तगाइड प्रज्ञा सिंह ने लगाई न्याय की गुहार



अयोध्या।(आरएनएस ) अयोध्या मण्डल की सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड प्रज्ञा सिंह ने कार्यकारी प्रादेशिक सचिव आनन्द सिंह रावत पर मानसिक शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत पत्र लखनऊ कमिश्नरेट व महानगर थाने में देकर कार्यकारी प्रादेशिक सचिव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करके कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही महिला आयोग तथा सामाजिक संगठनों से भी मदद की गुहार की है।प्रज्ञा सिंह ने अपना एक वीडियो क्लिप जारी कर आपबीती बयां की है। उन्होंने लखनऊ महानगर थाने की पुलिस पर भी सही ढंग से प्राथमिक दर्ज करने में हीला–हवाली करने व आरोपित के खिलाफ सतही कार्रवाई का आरोप लगाया है। बताया कि न्यायालय जाकर पुलिस विभाग को निर्देशित करने को आवेदन–पत्र दाखिल किया। महानगर थाने की पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज तो कर ली लेकिन हल्की धाराओं में। पुलिस को दी शिकायत पत्र में कहा है कि जब वह उक्त पद पर कानपुर मण्डल में तैनात थी उस समय कार्यकारी प्रादेशिक सचिव आनन्द सिंह रावत ने विभिन्न प्रकार से मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न कया। उनके अनैतिक कार्यों को करने से मना करने पर मुझे तरह–तरह की धमकियां दी गईं।सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड प्रज्ञा सिंह का कहना है कि विभागीय बैठकों में बुलाना रोक दिया गया। मुझे कानपुर मण्डल से अयोध्या मण्डल के लिए स्थानान्तरित कर दिया गया। प्रादेशिक मुख्य आयुक्त पर भी शिकायती पत्र की सही ढंग से जांच न कराने का आरोप लगाया है। बताया कि जांच समिति के समक्ष लिखित आपत्ति दर्ज करायी तो उसे समिति ने अमान्य कर दिया। जांच समिति की ओर से दिए गए अन्तिम अवसर पर स्वयं उपस्थित होकर लिखित बयान सौंपा।उन्होंने समिति पर भी मनमानी करने, उनके पक्ष को सही ढंग से न सुनने का आरोप लगाया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 दिसम्बर को

अयोध्या।(एजेंसी ) उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में जनपद न्यायाधीशअध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अयोध्या की देखरेख में 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नांकित विषयों से संबन्धित वादों का निस्तारण किया जायेगा–'प्रिलिटीगेशन स्तर के विवाद–धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर) व अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद) न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो)–आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाऐ, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबंधित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद, जो जनपद न्यायालय और उच्च न्यायालय में लम्बित हों व अन्य सिविल वाद (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि। उक्त जानकारी अपर जनपद न्यायाधीशसचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा ने दी है।

# सीएम योगी ने श्रीराम मंदिर व हनुमानगढ़ी में की पूजा-अर्चना

अयोध्या।(एजेंसी ) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को अयोध्या के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी पहुंचकर हनुमत दरबार में हाजिरी लगाई। इसके उपरांत सीएम योगी श्रीरामलला के मंदिर पहुंचकर दर्शन–पूजन किया। सीएम योगी ने दोनों मंदिरों में प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। आज उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए हो मतदान के बीच अयोध्या पहुंचे हैं। इससे पहले अयोध्या पहुंचने पर महापौर एवं विधायक समेत जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री बुधवार दोपहर रामकथा पार्क पहुंचे। यहां से मुख्यमंत्री सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां संकटमोचन हनुमान के चरणों में हाजिरी लगाई। यहां मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेम दास से मुलाकात की, जिन्होंने सीएम योगी को अंगवस्त्र पहनाकर आशीर्वाद दिया। सीएम ने यहां दर्शन–पूजन के उपरांत अयोध्यावासियों व श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां भी विधिवत दर्शन–पूजन किया। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दीपोत्सव के दौरान अयोध्या पहुंचे थे। सीएम ने उस दौरान भी श्रीराम व संकटमोचन हनुमान जी के चरणों में हाजिरी लगाई थी। दर्शन–पूजन के दौरान महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्त, आदि मौजूद रहे।

# अयोध्या नगर निगम की मशीनरी हुई 'स्मार्ट', करोड़ों के सफाई मशीन की मिली सौगात

अयोध्या।(आरएनएस ) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या नगर निगम दिन दूना रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। बुधवार को खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम में पहुंची करोड़ों की लागत की मैकेनाइज्ड व स्वीपिंग मशीनों वाली 25 वाहनों की सौगात अयोध्यावासियों को दी। उन्होंने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अयोध्या धाम में रामकथा पार्क के निकट लोकार्पण कार्यक्रम के समय महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक राम चन्द्र यादव मौजूद रहे। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके हैं कि अयोध्या नगरी पहुंचने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार का कष्ट नहीं होना चाहिए। उन्होंने यहां की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने का निर्देश दिया था। इसे देखते हुए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इन वाहनों की खरीद हुई है। मौके पर मौजूद नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कहा कि इन मशीनरी के बेड़ों के नगर निगम में शामिल होने के बाद शहर की सफाई व्यवस्था और भी मजबूत हो जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 5.57 करोड़ की लागत से इस मशीन की खरीदारी की गई है। इससे सेप्टिक टैंकों की सफाई की जा सकेगी। इसमें सेप्टिक टैंकों के फ्लिकल स्लज को साइट पर ट्रीटमेंट किया जा सकेगा।

# वैदिक परंपराओं में समस्याओं का स्थायी समाधान छिपा हुआ है: निश्चलानंद सरस्वती महाराज

लालगंज, मीरजापुर(एजेंसी )। ग्रामीण जीवन में फैली कट्टरता और गरीबी पर चिंता जताते हुए एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रयागराज के झूंसी मठ में जगतगुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज से मुलाकात की। चर्चा का केंद्र यह रहा कि क्या आध्यात्मिकता और वैदिक ज्ञान इन गहरी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। स्वामी जी ने सीधे शब्दों में कहा कि मनुष्य का मन सुख और शांति के पीछे भागता रहता है। इसे नियंत्रित करने का सबसे प्रभावी तरीका भजन, जप, तप और कीर्तन है। उन्होंने ऋग्वेद और उपनिषद की शिक्षा वल्ली का उदाहरण देते हुए कहा कि वैदिक परंपराओं में समस्याओं का स्थायी समाधान छिपा हुआ है। प्रतिनिधिमंडल के नेता हरिशंकर मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और कट्टरता से जूझ रहा समाज आध्यात्मिक जागरूकता के बिना उबर नहीं सकता। उन्होंने जोर दिया कि आधुनिक समस्याओं को हल करने के लिए पुरातन ज्ञान को अपनाने की जरूरत है।स्वामी जी ने वैदिक युग की तकनीकों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त विषमताओं को समाप्त करने का रास्ता आध्यात्मिक अभिषेक और वैदिक परंपराओं से होकर जाता है। उन्होंने ग्रामीण जीवन में बदलाव के लिए ऋग्वेद और उपनिषद की शिक्षाओं को अपनाने पर बल दिया। चर्चा के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि आध्यात्मिकता केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन की शैली है। समाज में बदलाव लाने के लिए इसे गंभीरता से अपनाना होगा। सवाल उठता है कि क्या केवल आध्यात्मिकता ही पर्याप्त होगी, जब बुनियादी सुविधाओं और आधुनिक तकनीकों की ग्रामीण क्षेत्रों में भारी कमी है।चर्चा का अंत इस निष्कर्ष पर हुआ कि आध्यात्मिकता और आधुनिकता का संतुलन ही ग्रामीण समाज को गरीबी और कट्टरता के जाल से मुक्त कर सकता है। अब देखना यह है कि इस पर कितनी जल्दी और प्रभावी कार्रवाई होती है। इस दौरान इंद्रमणि पांडे, राकेश त्रिपाठी, अमीरचंद मौजूद रहे।

# चौरासी कोसी यात्रा पहुंची महादेवा घाट पर पहुंची

गोसाईंगंज–अयोध्या।(एजेंसी ) चित्रकूटधाम के भगवत आराधना आश्रम जानकी कुंड के महंत गोविन्ददास की अगुवाई में चल रही चौरासी कोसी यात्रा अपने चौथे पड़ाव स्थल महादेवा घाट पर पहुंची। जंहा उनका स्वागत महादेवा जीर्णोद्धार समिति के साथ कस्बे के लोगो ने किया।घाट पर उनके जलपान,भोजन की ब्यवस्था समिति ने किया।एक संक्षिप्त मुलाकात में यात्रा की अगुवाई कर रहे महंत गोविन्ददास ने कहाकि रामनगरी अयोध्याधाम की परिक्रमा करने से पापो का नाश होता है। कहाकि भक्तों में कोई बटवारा नही है।यात्रा में जो भी भक्त शामिल होना चाहते है उनका स्वागत है।इस यात्रा में साधु,सन्तो के साथ तमाम गृहस्थ भी यात्रा कर रहे है।यात्रा में कश्मीर,पंजाब,हरियाणा,दिल्ली,मध्यप्रदेश, उड़ीसा,बिहार,बंगाल ,नेपाल आदि जगहों के तकरीबन साढ़े चार सौ यात्री शामिल है।यात्रा मार्गशीष माह के प्रतिपदा16नवम्बर को मखौड़ा से शुरू हुई जो8दिसम्बर को वैद्य जी के मंदिर अयोध्याधाम पहुंचकर सम्पूर्ण होगी।यात्रा रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन आगागंज टिकरी के लिए रवाना हो गयी।स्वागत करने वालो में हनुमानप्रसाद,जयप्रकाश,ध्रुव बरनवाल,रामकृपाल,अनिरुद्ध कुमार,रामकुमार,रामबिलास सोनी,अनिल मल्हू,राजकुमारअशोककुमार,अनूपकुमार, संजय,मनीष,गौरव सहित तमाम लोग मौजूद रहे

# विधानसभा उप चुनाव के बीच सपा का बड़ा आरोप 'कार्यकताओं को मतदान से रोकने, सेक्टर अध्यक्ष को पुलिस द्वारा उठा ले जाने का आरोप

मीरजापुर(एजेंसी ) श। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं मझवां विधानसभा से सपा उम्मीदवार ने बड़ा आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से यहां की पुलिस द्वारा कार्यकताओं को मतदान से रोकने और बूथ सेक्टर अध्यक्षों को पुलिस द्वारा उठा लिए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है. प्रशासन ने जहां शांति और निष्पक्ष चुनाव को लेकर सारी तैयारियों के बीच मतदान होने की बात कही है वहीं सपा जिलाध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन पर सपा कार्यकर्ताओं नेताओं को मतदान से रोकने का आरोप लगाते हुए मतदान को प्रभावित करने का आरोप लगाया है. समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के हवाले से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मिर्जापुर के मझवां विधानसभा में बूथ संख्या 64, 65 से बरैनी सेक्टर अध्यक्ष विजय यादव, बजहां सेक्टर अध्यक्ष गोपाल यादव, अरविन्द यादव को पुलिस उठा ले गई है और कार्यकर्ताओं को परेशान किया जा रहा है. उन्होंने चुनाव आयोग से इस मामले को संज्ञान में लेते हुए निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने की मांग की है. उन्होंने बताया है कि मिर्जापुर की मझवां विधानसभा में बूथ सं. 59, 60 से जलालपुर माफी में पुलिस द्वारा मुस्लिम व प्रजापति, यादव मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है, उन्हें मतदान करने से रोका जा रहा है और मतदान प्रभावित किया जा रहा है. मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को भेजें गए पत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा सत्ता पक्ष के दबाव में आकर 397 मझवां विधानसभा उप चुनाव क्षेत्र में पुलिस द्वारा लगातार गड़बड़ी कर मतदान को प्रभावित करने की शिकायत दर्ज कराई गई है. मांग कहां किया है कि मझवां विधानसभा में हो रही गडबड़ियों को तत्काल रोके. बताया गया है कि मतदान अवसर 20 नवम्बर को 397 मझवां विधानसभा उपचुनाव निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले मतदान में पुलिस प्रशासन द्वारा सादे कपड़ों में बिना नम्बर की दो टाटा सूमो गाड़ीयों से पुलिस के लोग गांवों में जाकर मतदाताओं को डरा धमका रहे हैं, मतदान स्थलों पर जाकर लाइन में खड़े हुए सपा समर्थित मतदाताओं को जबरन बिना नम्बर प्लेट की गाड़ीयों में जबरन बैठाकर ले गये जिनका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है. इसी प्रकार ग्राम बरैनी से समाजवादी पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष विजय यादव, ग्राम बजहा के गोपाल, अरविन्द्र यादव को पुलिस द्वारा जबरन सुबह 6 बजे घर से उठा लिया गया जिसका अभी तक पता नहीं चला. सपा समर्थित ग्राम कछवां थाना के जलालपुर, थाना देहात कोतवाली के चितावनपुर के बूथो पर विशेषकर मुस्लिम व यादव, बिन्द बाहुल्य ग्रामों में भारी पुलिस बल लगाकर मतदान से रोका जा रहा है, जिससे मतदाता मतदान से वंचित रह जायेगें, बूथ नम्बर 58, 59, 60, 404, 405 में वोटर पर्ची बनाने वाले सपा कार्यकर्ताओं को जो मतदान स्थल से लगभग 400 मीटर की दूरी पर हैं वहां पर तैनात दरोगा, पुलिस के द्वारा लोग जबरन पर्ची और वोटर लिस्ट फांड़ दिया गया और मतदाताओं को डराया व धमकाया जा रहा है. समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार ज्योति बिंद ने इस संदर्भ में निर्वाचन आयोग से अनुरोध किया है कि उक्त मामलों का तत्काल संज्ञान लेकर उचित कार्यवायी कराना सुनिश्चत करे जिससे स्वतंत्र, पारदर्शी, भयमुक्त व निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके।

# मझवां विधानसभा में शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ उप चुनाव

मीरजापुर(एजेंसी )। 397–मझवां विधानसभा उप निर्वाचन–2024 जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन के मार्ग निर्देशन में निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न हुआ। मतदान समाप्ति तक पूरे विधानसभा क्षेत्र में कुल 50.41 प्रतिशत मतदान हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के अलावा उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह सहित सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने–अपने क्षेत्रो में शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर पोलिंग सेंटरो का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने मझवां विधानसभा क्षेत्र में अपने भ्रमण के दौरान प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी में स्थित बूथ संख्या–401, 402, 403, प्राथमिक विद्यालय जसोवर बूथ संख्या–404, 405, प्राथमिक विद्यालय बरकछा कला के बूथ संख्या–351, 352, 353, 354, ग्राम पंचायत बिकना के बूथ संख्या– 418, 419, प्राथमिक विद्यालय टाड़ पर स्थित बूथ संख्या–438, 439, ग्राम पंचायत अहमलपुर के बूथ संख्या–441, ग्राम पंचायत भवन भोड़सर के बूथ संख्या–437 तथा विकास खण्ड सिटी में स्थित बूथ संख्या–420, 421, 422, 423, पर भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा शाहपुर चौसा प्राथमिक विद्यालय पर स्थित बूथ संख्या–395, 396, 397, प्राथमिक विद्यालय बरैनी के बूथ संख्या–94, 95, 96 तथा प्राथमिक विद्यालय जलालपुर मझवां के बूथ पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा मतदाताओं से वार्ता कर शान्तिपूर्ण मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# किशोरी ने फंदे से लटक कर दी जान

अयोध्या(एजेंसी )। परिजनों के साथ भोजन कर सोने के लिए कमरे में गई युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। करीब पांच वर्ष पहले मां की मौत हो चुकी है जबकि पिता रोजी रोटी के चक्कर में प्रदेश में है। चाचा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक हैदरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बैसूपाली मजरे केवटहिया में मंगलवार की रात 16 वर्षीय निधि पुत्री सुरेश ने घर के कमरे में बडेघ्र पर दुपट्टे से फंदा लगा कर जान दे दी। मृतका के चाचा महेश बुधवार की भोर में नित्य क्रिया करने उठे तो उसे लटका देख होश उड़ गए। आनन फानन में उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के मां की 5 साल पहले मौत हो गई थी जबकि पिता रोजी–रोटी के सिलसिले में दिल्ली में नौकरी करते हैं। बड़ी बहन चांदनी नें भी 7 वर्ष पहले आत्महत्या कर मौत को गले लगा लिया था।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 23 नवंबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


# विराट धर्म संसद में हुए अनेक प्रस्ताव पास श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को आगे बढ़ाएंगे संत

मथुरा । अखिल भारतीय धर्म संसद का आयोजन श्री कृष्ण साधक ट्रस्ट सभागार में आयोजित हुआ जिसमें हजारों की संख्या में संत ,महंत महामंडलेश्वरो ने संपूर्ण भारतवर्ष से भागीदारी की धर्म संसद का शुभारंभ जगतगुरु बलराम बाबा, जन्मभूमि के मुख्य पक्षकार दिनेश शर्मा, स्वामी गोपालानंद गिरी नलखेड़ा मध्य प्रदेश, न्यास के संरक्षक वेद प्रकाश कटियार, आचार्य बद्रीश महाराज, पं बिहारी लाल वशिष्ठ, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया, धर्म संसद को संबोधित करते हुए धर्म संसद में हजारों की संख्या में पधारे प्रतिनिधियों के मध्य 7 प्रस्ताव पास किए गए जिसमें श्री कृष्ण जन्मभूमि की लड़ाई को मजबूत करना, गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करना, बफ बोर्ड को समाप्त करना, ब्रज क्षेत्र में अंडा मांस शराब पर प्रतिबंध लगाना, ध र्मांतरण नियंत्रक कानून बने, मुस्लिम नेताओं द्वारा कट्टरता फैलाने पर दिनेश शर्मा द्वारा जवाब देने पर जान की सुरक्षा की मांग, पीपा द्वारा चार्य स्वामी बलराम देवाचार्य महाराज

कहा कि हमें हर हालत में कृ ष्ण जन्म भूमि चाहिए चाहे सरकार संसद में कानून बनाकर मुक्त करें, महंत पहलाद दास जी महाराज, देवानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि हिंदू हितैषी सरकार यदि सनातनियों की आवाज को दबाया जाएगा तो आत्मा को कष्ट होगा,

हरिदास पीठाधीश्वर स्वामी राधा प्रसाद देव जी महाराज ने कहा कि हम कभी भी आक्रामक नहीं रहे हिंदू धर्म हमेशा न्याय और शांति प्रिय रहा है, महंत मुनि राज जी महाराज, महेंद्र स्वामी परमेश्वर दास त्यागी जी महाराज एवं बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि धर्म की स्थापना के लिए हिंदुओं को एक होना होगा हमें न्याय विरोधी सरकार ने नहीं चाहिए, वर्तमान सरकार जो कार्य कर रही है वह इस कार्य से संतुष्ट हैं परंतु धर्म की आवाज दवनी नहीं चाहिए, जन्म भूमि के पक्ष का दिनेश शर्मा ने कहा कि हम यदि संप्रदाय, जाति, मैं बट जाएंगे तो सनातन संस्कृ ति का रक्षक कोई नहीं होगा इसलिए हमें एकजुट रहकर न्यायालय में अपना पक्ष रखना है और सभी संत गवाही को तैयार रहें निश्चित ही धर्म की विजय होगी विधर्मियों द्वारा बनाई गई स्मारक का नामोनिशान नहीं रहेगा धर्म संसद का संचालन आचार्य बद्रीश महाराज, ने किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से अभिजीत बिसेन स्वामी ज्ञान सागर महाराज, वेद प्रकाश कटीयार ,साध्वी पुष्पा रामायणी, कर्म योगी महाराज, अनुराग पाठक, पांडा सभा के अध्यक्ष श्याम सुंदर गौतम, राजेश पाठक, सुखराम सिंह कमल, पिंकी द्विवेदी, जमुना देवी शर्मा, महामंडलेश्वर स्वामी तीर्थ जी महाराज, महामंडलेश्वर रामदास त्यागी महाराज, जयराम शर्मा, आचार्य मोहिनी शरण जी महाराज, स्वामी गौरी शंकर गोस्वामी, बालकिशन दीक्षित, आनंद चतुर्वेदी, चित्र प्रकाश आनंद , गिरधर गिरी जी, राम अवतार , नरेश ठाकुर, उमेश पंडित, जवाहरलाल कौल, महेश दास आचार्य, आदि उपस्थित थे।




# समापन समारोह में शामिल हुए उपजिलाधिकारी

बहराइच जिले के नानपारा में तीन दिवसीय स्काउट गाइड रैली का समापन आज उपजिलाधिकारी नानपारा के द्वारा सम्पन्न हुआ।उप जिला अधिकारी ने स्काउट गाइड के द्वारा बने संपूर्ण कैंप का निरीक्षण कर बच्चों के द्वारा बनाए गए भैरी चोखा का स्वाद चखा और उन्हें पुरस्कृत किया। स्काउट गाइड के कोषाध्यक्ष मुक्तेश्वर पोद्दार ने आये हुए जिले के संपूर्ण कैंप के टोली नायकों को कैंप फायर के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अनिल मदेशिया व प्राचार्य मनोज कुमार व राजकीय इंटर कालेज के प्राचार्य बच्छराज ने सभी विद्यालय के प्राचार्य को संबोधित किया और बताया कि स्काउट गाइड हमेशा सभी को अनुशासित रहना सिखाती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री अनुराग श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर समाज सेवी नरेश अग्रवाल व सुरेश शाह श्री कृपा राम जनजागृति हाई के प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।



# कागजों में करा दिया प्रसव

शाहजहांपुर संवाददाता। शाहजहांपुर में लोगों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के नाम पर अधिकारियों की आंख में धूल झोंकी जा रही है। बृहस्पतिवार को सीडीओ के निरीक्षण सच्चाई सामने आ गई। ऑनलाइन पोर्टल पर संचालित डिलीवरी प्वाइंट में कागजों पर प्रसव करा दिया गया। सीडीओ को प्रसव केंद्रों के अंदर उपकरण तक नदारद मिले। कमरों में कबाड़ भरा मिला और प्रसव में उपयोग होने वाली रूई पर फंगस लगी मिली।

पुवायां ब्लॉक की गंगसरा उपस्वाथ्य केंद्र डिलीवरी केंद्र पर सीडीओ डॉ.अपराजिता सिंह पहुंचीं तो वहां ताला लगा मिला। चाभी नहीं मिलने पर ताला तुड़वाकर अंदर जाने पर प्रसव संबंधी उपकरण व सामग्री तक नदारद थी। गंदगी होने के साथ बेबी वार्मर में जंक लगी मिली। अभिलेखों में जांचने पर 17 नवंबर को प्रसव होना दर्शाया गया। सीडीओ ने स्थानीय लोगों से जानकारी ली तो बताया गया कि यहां कभी प्रसव नहीं कराया गया है। अभिलेखों में गलत जानकारी अंकित की गई थी।

पीएचसी गंगसरा भी पोर्टल पर प्रसव केंद्र के रूप में दर्ज है। यहां भी कभी प्रसव नहीं होने जानकारी मिली है। सीडीओ ने पुवायां पीएचसी में कोल्ड चेन का निरीक्षण करते हुए एमओआईसी डॉ. नरेंद्र को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत जुझारपुर भी सरकारी अभिलेखों में प्रसव केंद्र दर्ज मिला। यहां ताला लगा मिला। वहां मिली डॉ. सिमर ने बताया कि यहां तीन वर्षो से कोई भी प्रसव नहीं हुआ है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाहिल में एएनएम अनुपस्थित मिली। सीडीओ ने अभिलेख मांगे तो ताले में बंद मिले।

खुदागंज ब्लॉक के ग्राम सिउरा की अतिरिक्त पीएचसी में सीडीओ को भवन जर्जर हालत में मिला। ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज इस डिलीवरी प्वाइंट के एक बंद कमरे का ताला खुलवाया तो बेबी वार्मर पैक रखा मिला। वह खोला तक नहीं गया था। महिला वार्ड में जहां मरीज भर्ती होने चाहिए, वहां पीएचसी का कबाड़ भरा था। रुई व अन्य चिकित्सा सामग्री पर फफूंदी लगी मिली। प्रसव कक्ष में डिलीवरी से संबंधित उपकरण व सामग्री तक नहीं मिली। फार्मासिस्ट और आयुष डॉक्टर ने चार–पांच मरीजों को दवा दी थी। वह भी चार से पांच निष्प्रयोज्य दवाई थी। यहां एमओआईसी दो महीने से नहीं आए हैं। ऑनलाइन पोर्टल पर प्रसव केंद्र के रूप में दर्ज जैतीपुर की पीएचसी खेड़ारठ में सीडीओ को प्रसव से संबंधित कोई उपकरण नहीं मिला। अंदर गंदगी देखकर प्रतीत हुआ कि यहां वर्षों से प्रसव नहीं हुआ जबकि प्रसव पंजिका में प्रसव होना दिखाया गया। वैक्सीनेशन रजिस्टर में टीकाकरण भी दर्ज था। यहां मिली एएनएम ने बताया गया कि यहां कभी प्रसव नहीं होता है। उनके द्वारा टीकाकरण नहीं किया गया है। गांव की दाई से ही प्रसव कराए जाते हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन का उद्घाटन

लखनऊ, 22 नवम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का भव्य उद्घाटन आज प्रातः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीप प्रज्वलित कर सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया, जबकि उप–मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारकर समारोह की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर विभिन्न देशों के राष्ट्रपति, प्रध ानमंत्री, पार्लियामेन्ट के स्पीकर, इण्टरनेशनल कोर्ट के न्यायाधीशों समेत 55 देशों से पधारे 200 से अधिक न्यायविदों व कानूनविदों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा में चार–चाँद लगा दिये। इससे पहले, सम्मेलन की संयोजिका एवं सी.एम.एस. प्रबन्ध ाक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मुख्य अतिथि श्री योगी आदित्यनाथ एवं विशिष्ट अतिथि श्री ब्रजेश पाठक समेत विभिन्न देशों से पधारे मुख्य न्यायाधीशों व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत–अभिनंदन किया।

सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सर्वप्रथम मैं सी.एम.एस. के संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँध ी जी को भावभीनी श्रद्धान्जलि अर्पित करता हूँ, जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से विश्व में एकता एवं शान्ति स्थापना के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित किया जा रहा है जब आगामी 26 नवम्बर से संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष की शुरुआत हो रही है। श्री योगी ने आगे कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 की भावनाओं को आत्मसात कर सभी समस्याओं का शान्तिपूर्ण समाधान निकाला जा सकता है। इसके अलावा, इस ऐतिहासिक सम्मेलन में पधारे 55 देशों के मुख्य न्यायाधीशों व अन्य प्रख्यात हस्तियों के सम्मान में 'स्वागत समारोह' का भव्य आयोजन आज सायं सी.एम.एस. कानपुर रोड परिसर में सम्पन्न हुआ। केन्द्रीय राज्यमंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सुश्री अनुप्रिया पटेल ने दीप प्रज्वलित कर स्वागत समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया जबकि लखनऊ की मेयर श्रीमती सुषमा खरकवाल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की गरिमा को बढ़ाया।



# वाल्मीकि साधु अखाड़े में एकजुट होंगे देशभर के दलित संत

प्रयागराज संवाददाता। दलित और कमजोर वर्ग के संतों को सम्मान दिलाने के लिए महाकुंभ में वाल्मीकि साध ु अखाड़े की ओर से व्यापक पहल की जाएगी। इसके लिए वाल्मीकि अखाड़े की महर्षि वाल्मीकि संत समाज परिषद के साथ दिल्ली में हुई बैठक में महाकुंभ में शाही स्नान का अधिकार दिलाने का प्रस्ताव पारित किया गया।

इसके साथ ही भूमि–सुविध ाओं में वृद्धि का भी प्रस्ताव रखा गया। पंचकुइयां, दिल्ली स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर में वाल्मीकि साधु अखाड़े की बैठक में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और हरिद्वार के अलावा प्रदेश के भी दलित संत शामिल हुए।

इस दौरान महाकुंभ में दलित चेतना के संतों को सम्मान दिलाने के साथ ही वाल्मीकि साधु अखाड़े के संतों को राजसी स्नान का अधि ाकार दिलाने की बात प्रमुखता से उठाई गई।

भवानी नाथ ने कहा कि दलित संतों की उपेक्षा किसी भी दशा में बंद की जानी चाहिए। महाकुंभ में अनुसूचित जाति के संतों को एकजुट करने के लिए वर्ष 2019 के कुंभ में दलित अखाड़े का गठन किया गया। इस अखाड़े को नया नाम वाल्मीकि साधु अखाड़ा दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रृंग्वेरपुर में भगवान राम एवं निषादराज की गले मिलते प्रतिमा के अनावरण के बाद काशी से मंगाए जा रहे आधुनिकतम सुविधाओं से लैस निषादराज क्रूज से ही संगम आरती एवं भ्रमण करेंगे।

महाकुंभ क्षेत्र से स्वच्छता को लेकर बड़ा संदेश देने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संगम तट पर 25 नवंबर को 10 हजार सफाई कर्मियों के साथ झाड़ू लगाकर सफाई अभियान को गति देंगे। इस मौके पर स्वच्छता ग्रहियों को सम्मानित भी करने की तैयारी है।

बीयर बार और डिस्कोथेक चलाने वाले शराब माफिया सचिन दत्ता उर्फ सच्चिदानंद को महामंडलेश्वर बनाकर कभी विवादों में घिर चुके निरंजनी अखाड़े में इस बार महाकुंभ में माफिया–अपराध ी प्रवृत्ति के लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ने कहा कि किसी भी दशा में महामंडलेश्वर के पदों पर माफिया–अपराधी जगह नहीं बना सकेंगे। अब किसी भी आवेदक की योग्यता की बिना जांच–पड़ताल के पट्टाभिषेक नहीं किया जाएगा।

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए संगम क्षेत्र में 23 थाने बनकर तैयार हो गए हैं। इन थानों में प्रथम चरण में आने वाले 10 प्रतिशत पुलिस कर्मियों की तैनाती भी हो गई है। महाकुंभ के लिए संगम क्षेत्र में 56 थाने और 155 चौकियों का निर्माण कराया जाना है। महाकुंभ के दौरान संगम क्षेत्र में 16,442 पुलिस कर्मियों की तैनाती होनी है।



# साथी वकील की मौत के बाद भड़के अधिवक्ताओं नें किया चक्का जाम

प्रयागराज संवाददाता। दो दिन पहले बदमाशों के हमले में घायल अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत के बाद शुक्रवार को साथी अधिवक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा और वह पुलिस कमिश्नर ऑफिस के सामने सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

दो दिन पहले ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष व अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला उर्फ गुड्डू पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। शिवकुटी थाना क्षेत्र में रीवर फ्रंट का निर्माण हो रहा है। इसके चलते ठेकेदार और कर्मचारियों की गाड़ियों का आवागमन रहता है। पुलिस के मुताबिक, रविवार रात करीब 10रू30 बजे सलोरी क्षेत्र से ठेकेदार की स्कार्पियों गाड़ी गुजर रही थी।

इस पर अखिलेश ने गाड़ी धीरे ले जाने को कहा कि दोनों में विवाद हो गया। लोगों के बीच बचाव के बाद किसी तरह मामला शांत हो गया। आरोप है कि थोड़ी देर बाद ठेकेदार कर्मचारियों के साथ आकर अखिलेश से मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी दी। साथ ही उसके सिर पर रिवॉल्वर बट से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन–आनन फानन में घायल को एसआरएन पहुंचा गया जिसके बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां बृहस्पतिवार की रात उनकी मौत हो गई। शिवकुटी थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित के भाई की शिकायत पर एक नामजद समेत छह अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# कल के बाद और बढ़ेगी ठंड

कानपुर संवाददाता। कानपुर में हवा का रुख बदल गया है। अभी पछुवा हवाएं ठंडक बढ़ा रही हैं, जिसमें रविवार या उसके बाद से और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। दरअसल, शनिवार–रविवार के बीच भूमध्य सागर से एक और पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी रेंज में आने वाला है।

वहां बर्फबारी से कानपुर समेत गंगा के मैदानी इलाकों में न सिर्फ ठंड बढ़ेगी बल्कि पश्चिमी विक्षोभ को लेकर आ रहीं समुद्री हवाएं नमी भी बढ़ा देगीं। सुबह छा रही धुंध आगे भी बरकरार रहेगी। गुरुवार को भी तड़के दृश्यता सिर्फ चार सौ मीटर रही है।

सामान्य तौर पर यह दो से तीन किलोमीटर रहती है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि दिसंबर में कड़कड़ाती ठंड पड़ने के आसार हैं। इस समय अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान सामान्य से नीचे बने हुए हैं। सीएसए के मौसम विभाग ने गुरुवार को अधिकतम पारा सामान्य से 1.2 डिग्री और न्यूनतम पारा 2.1 डिग्री कम दर्ज किया।

इसी वजह से दिन के मुकाबले रात में अधिक ठंड महसूस हो रही है। दिन में धूप निकलने से तापमान पर मामूली फर्क पड़ा लेकिन पछुवा चलने से नमी बढ़ गई। मौसम विभाग के तकनीकी अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि ऐसी ही स्थिति अभी पांच दिन बनी रहेगी। दिन में मौसम खुला तो धुंध और बढ़ जाएगी।

वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर शनिवार–रविवार को यहां पहुंचेगा। पहाड़ों पर बर्फबारी और बारिश के बाद ठंडी हिमालयी हवाएं गंगा के मैदानी इलाकों में आकर ठंड और बढ़ा देंगी। विक्षोभ लाने वाली जेट स्ट्रीम के साथ नमी भी बढ़ेगी, जिससे कोहरा पड़ेगा।

दिसंबर में ला–लीना भी सक्रिय हो सकता है। वैसे इसे अक्तूबर में सक्रिय होना था, लेकिन नहीं हुआ। इस महीने भी अभी तक इसमें कोई सक्रियता नहीं रही। अनुमान है कि यह दिसंबर में सक्रिय होगा। उन्होंने बताया कि ला–लीना समुद्रीय मौसम की गतिविधि है। इसके सक्रिय होने से समुद्र की सतह ठंडी पड़ जाती है, जिससे ठंड बढ़ जाती है। दिसंबर में इसका प्रभाव आएगा और फिर कड़कड़ाती ठंड पड़ेगी।

# ठंडी रोटी ने शादी में कराया बवाल

आगरा संवाददाता। आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के अब्बास नगर में बुध ावार रात निकाह की दावत में ठंडी रोटी परोसने पर विवाद हो गया। इस दौरान घराती और बराती आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से लाठी–डंडे चलने लगे। बवाल होते देख दूल्हे की बहन बीच बचाव कराने आई, तो उसे भी अनदेखा कर दिया। झगड़े में उसके सिर में चोट लग गई, जिससे वो बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। ये देख मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिसके बाद दूल्हे की बहन और एक अन्य घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

नई आबादी (कछपुरा) निवासी अंसार के घर पर शादी समारोह का कार्यक्रम था। इसमें रिश्तेदार और पड़ोसी भी आए थे। अंसार की बुआ के लड़के दानिश, मुस्तफा, सलमान खान खा रहे थे, तभी अंसार रोटी परोस रहे थे। रोटी ठंडी थी। इस बात पर सलमान गलीगलौज देने लगा। खाने की टेबल पर लात मार दी। विरोध करने पर दानिश, सलमान, मुस्तफा लाठी–डंडों से मारपीट करने लगे। चीख पुकार सुनकर आसपास लोग इकट्ठे हो गए।

झगड़ा इस कदर बढ़ गया कि कोई भी किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हो रहा था। इस दौरान बीच–बचाव करने पर दूल्हे की बहन साहिबा आ गई। हमलावरों ने उसको भी नहीं छोड़ा। उसके सिर में किसी ने डंडा मार दिया, जिसके बाद वो घायल होकर जमीन पर बेहोश होकर गिर पड़ी। ये देख मौके पर अफरा तफरी मच गई। घायल को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हमलावर भाग निकले।

रामबाग पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ठंडी रोटी देने पर विवाद हुआ था। पुलिस ने मामले में दबिश देकर आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनके खिलाफ शांतिभंग की करवाई की गई है।

# चुनाव हो या शादी, नोटों की बर्बादी



gमारे देश में 80 करोड़ लोग गरीब है क्योंकि उनको सरकार मुफ्त का राशन देती है लेकिन यहां नोटो का खेल भी होता है। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में एक शादी समोह में वर पक्ष की तरफ से घर की छत और बुलडोजर से 20 लाख रूपये उड़ाये गये। फल बरसाते हुए हमने कई अवसरों पर देखा लेकिन सिद्धार्थनगर में जोटों की बारिश हो रही थी। इसी प्रकार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी नोटो की वारिश करने का आरोप है। यह अलग बात कि सिद्धार्थनगर में नोटो की वारिश को सभी ने देखा और आनंद लिया लेकिन महाराष्ट्र में नोटो की वारिश को किसी ने नहीं देखा और आरोप–प्रत्यारोप की तीर भी छोड़े।

हम सभी ने बहुत सारी ग्रैंड शादियों के बारे में सुना होगा लेकिन यूपी के एक गांव की शादी वायरल हो रहे वीडियो के कारण चर्चाओं का विषय बनी हुई है. दरअसल, इस वीडियो को देखकर ऐसा लग रहा है कि घरवालों में शादी की इतनी अधिक खुशी है कि वो जेसीबी और घर की छत पर चढ़कर कागज की तरह नोटों की बारिश करने लगे। यह वीडियो पूरे सिद्धार्थनगर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

दरअसल, यूपी के सिद्धार्थनगर जिले में एक शादी की चर्चा पूरी बस्ती में हो रही है. ऐसा इसलिए क्योंकि शादी में बारात के दौरान छत और जेसीबी पर चढ़कर नोटों की गड्डी उड़ाने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में लड़के के घरवाले सौ, दो सौ रुपये से लेकर पांच सौ के नोटों को कागज की तरह हवा में उड़ाते हुए नजर आ रहे हैं और नीचे मौजूद लोग हवा में उड़ते हुए नोटों को लूटते हुए दिखाई दे रहे हैं. जानकारी के मुताबिक यह वायरल वीडियो देवलहवा गांव के निवासी अफजाल और अरमान के शादी का बताया जा रहा है. शादी में बारात की रवानगी के दौरान लड़के के घरवालों ने करीब 20 लाख रुपये उड़ा दिए। जेसीबी और छत पर चढ़कर युवकों ने नोटों को हवा में कागज की तरह उड़ाए और इस वजह से यह वीडियो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ।

उधर महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग से ठीक पहले नालासोपारा में 19 नवम्बर को राजनीतिक उथल–पुथल मच गई। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर वोट के बदले पैसे बांटने का आरोप लगा। यह आरोप बहुजन विकास अघाड़ी (बीबीए) के कार्यकर्ताओं ने लगाया। कार्यकर्ताओं ने उस होटल के बाहर हंगामा किया जहां तावड़े एक बैठक कर रहे थे। बीवीए विधायक क्षितिज ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बीजेपी पर पैसे बांटने का आरोप लगाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने होटल की तलाशी ली और 9.93 लाख रुपये नकद और कुछ दस्तावेज बरामद किए। चुनाव आयोग ने वीबीए की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तावड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। तावड़े ने आरोपों से इनकार किया है और निष्पक्ष जांच की मांग की है। बीजेपी ने आरोपों को निराधार बताते हुए इसे विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की हताशा भरी चाल बताया है।

यह घटना ऐसे समय हुई है जब महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव अंतिम चरण में थे। चुनाव प्रचार समाप्त हो गया और 20 नवंबर को मतदान होना था। वीबीए विधायक क्षितिज ठाकुर ने आरोप लगाया कि तावड़े मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए 5 करोड़ रुपये लेकर विरार आए थे। ठाकुर ने कहा कि मुझे कुछ बीजेपी नेताओं ने बताया कि बीजेपी महासचिव विनोद तावड़े मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए 5 करोड़ रुपये बांटने विरार आ रहे हैं। मुझे लगा कि उनके जैसा राष्ट्रीय नेता इतना छोटा काम नहीं करेगा लेकिन मैंने उन्हें यहां देखा। मैं चुनाव आयोग से उनके और बीजेपी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं। ठाकुर ने आरोप लगाया कि तावड़े जिस होटल में रुके थे। उसने सीसीटीवी रिकॉर्डिंग बंद कर दी थी। उन्होंने कहा कि होटल प्रशासन तावड़े और बीजेपी के साथ मिला हुआ लगता है। हमारे अनुरोध के बाद ही उन्होंने अपना सीसीटीवी चालू किया। तावड़े मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे बांट रहे थे। इस घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें तावड़े और वीबीए नेताओं के बीच बहस होती दिख रही है। इस पर राजनीति भी शुरू हो गयी है।शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि बीजेपी की पोल खुल गई है। ठाकुर ने वही किया है जो चुनाव आयोग को करना चाहिए था। चुनाव आयोग के अधिकारी हमारे बैग की तलाशी लेते हैं और हमारी जांच करते हैं, फिर भी बीजेपी के इन व्यक्तियों की ऐसी कोई जांच नहीं होती है। राउत ने कहा कि बीजेपी चाहे जितना भी छिपाने की कोशिश करे लेकिन नालासोपारा–विरार में जो हुआ वह कैमरे के सामने हुआ। उन्होंने तावड़े के पास बड़ी संख्या में नकदी होने की बात का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि उनके पास 18 लोगों के नाम हैं जो पुलिस सुरक्षा के साथ पैसे बांटते हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित बीजेपी के प्रमुख नेता उनकी गतिविधियों से अवगत थे। राउत ने कहा कि अगर चुनाव आयोग निष्पक्ष होता तो उसके अधिकारी छापेमारी करते। वीबीए नेता हितेंद्र ठाकुर ने आरोप लगाया कि तावड़े ने पालघर जिले में मतदाताओं को पैसे बांटे। शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकुर ने कहा कि विनोद तावड़े को पीएचडी मिलनी चाहिए। उनकी (व्यंग्यात्मक रूप से) प्रशंसा की जा रही है कि उन्होंने कुछ राज्यों में सरकारें गिराईं और कुछ राज्यों में बीजेपी की सरकारें बनाईं। असली वजह क्या है? यह बीजेपी का नोट जिहाद है। ठाकरे ने तावड़े के खिलाफ केंद्रीय चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि सबूतों के आधार पर कार्रवाई होनी चाहिए। वरना महाराष्ट्र खुद कार्रवाई करेगा। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि एक वीडियो में भगवा रंग की पोशाक पहने हुए व्यक्ति बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े हैं। इनके पास से बड़ी मात्रा में पैसा बरामद होने की खबर है। वह विरार पूर्व इलाके में 5 करोड़ रुपये नकद से भरे एक काले बैग और 15 करोड़ रुपये के विवरण वाली एक डायरी के साथ पकड़े गए थे। उधर, चुनाव आयोग के अधिकारियों ने विरार के उस होटल में छापेमारी की जहां तावड़े बैठक कर रहे थे। इस पर शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिनमें भारी मात्रा में नकदी दिखाई दे रही है, जो संभवतः 5 करोड़ रुपये है। घटनास्थल से मिली एक डायरी में उन लोगों के नाम दर्ज हैं जिन्हें पैसे मिले थे। यह वोट खरीदने का घिनौना प्रयास है। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। ¼fgQh½

## सम्पादकीय

### साहित्य के नाम पर मनोरंजन का मंच

पिछले साल हिंदी के प्रख्यात लेखक एवम संस्कृतिकर्मी अशोक वाजपेयी ने इसलिए इस समारोह का बहिष्कार किया था कि उनसे आयोजकों ने पूछा था कि वे पहले सूचित करें कि वे मंच पर क्या बोलेंगे। लेकिन इस बार आइटम गर्ल को बुलाए जाने से विवाद अधिक है।ज़् साहित्य के नाम पर मनोरंजन का मंच सजाने पर उस मंच की शोभा बढ़ाने की बजाय अगर लेखक जन आंदोलनों में शामिल हों और लेखन, पठन का अपना मंच सजाएं तो क्या वह ज्यादा बेहतर नहीं होगा?पिछले कुछ दिनों से हिंदी साहित्य की दुनिया में हंगामा बरपा हुआ है। एक टीवी चौनल के साहित्यिक कार्यक्रम में लेखकों के साथ–साथ बॉलीवुड के सितारों को बुलाए जाने के कारण सोशल मीडिया पर यह हंगामा मचा हुआ है। इस बीच पिछले दिनों दो लेखक संगठनों के दो पदाधिकारियों ने इस्तीफा भी दे दिया, जिससे इस मामले ने अधिक तूल पकड़ लिया। एक लेखक के बारे में कहा जा रहा है कि उसने टीवी चौनल के साहित्योत्सव में जाने पर अपने मित्र लेखक द्वारा तंज किए जाने के कारण इस्तीफा दिया है।

जो लोग इस तरह के समारोहों में जा रहे हैं उनका तर्क है कि लेखकों को हर मंच पर जाना चाहिए और इस तरह जनता से जुडना चाहिए क्योंकि हमारे लेखक संगठन जनता से नहीं जुड़े हैं। इन लेखकों का कहना है कि हम किसी भी मंच पर जाएं लेकिन हमें अपनी बात खरी–खरी कहनी चाहिए। लेकिन जो लोग इस टीवी चौनल के साहित्योत्सव के विरोधी हैं उनका तर्क है कि अगर बॉलीवुड के लोगों को बुलाना है तो साहित्य की आड़ में यह क्यों किया जा रहा, इसे श्साहित्य आज तक्य की बजाय श्मनोरंजन आज तक्य के नाम से किया जाए।

आखिर साहित्य के जलसे में आइटम गर्ल को क्यों बुलाया जा रहा। उनका तर्क यह भी है कि इस तरह के टीवी चौनलों के मंच सांप्रदायिक लोगों द्वारा संचालित हैं और वह साहित्य को बाजार बनाने में लगे हुए हैं। इसलिए उनके मंच से उनके खिलाफ बात नहीं कहीं जा सकती और अगर किसी ने कहा भी तो उसका व्यापक असर नहीं होने वाला है क्योंकि ज्यादातर वक्ता बाजार के समर्थक ही हैं।

पिछले साल हिंदी के प्रख्यात लेखक एवम संस्कृतिकर्मी अशोक वाजपेयी ने इसलिए इस समारोह का बहिष्कार किया था कि उनसे आयोजकों ने पूछा था कि वे पहले सूचित करें कि वे मंच पर क्या बोलेंगे। लेकिन इस बार आइटम गर्ल को बुलाए जाने से विवाद अधिक है। अब हिंदी के लेखकों में ध्रुवीकरण भी हो गया है। लेखिकाओं में भी विभाजन हो गया है। एक वर्ग आइटम गर्ल को बुलाए जाने का समर्थक है तो एक वर्ग विरोधी। इस तरह साहित्य की दुनिया में इन दिनों उथल–पुथल अधिक है। हिंदी के लेखकों का एक धड़ा, जिनमें कुछ प्रगतिशील और कलावादी भी हैं वह इस समारोह में भाग ले रहा है, जबकि एक धड़ा उसका लगातार विरोध कर रहा है।

भाग लेने वालों में पुरुषोत्तम अग्रवाल, अरुण कमल और गौहर राजा जैसे लोग हैं तथा बाबुषा कोहली, अनुराधा सिंह और लवली गोस्वामी एवम जोशना बनर्जी जैसी कवयित्रियां भी। कुछ साल पहले इसी टीवी चौनल के साहित्यिक कार्यक्रम में हिंदी के प्रगतिशील जनवादी कवि राजेश जोशी के भाग लेने पर काफी तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। लेकिन इसके बावजूद जनवादी लेखक इस समारोह में जाते रहे। अब प्रगतिशील लेखक संगठन ने पिछले दिनों चंडीगढ़ में एक प्रस्ताव पारित कर कॉरपोरेट के समारोहों में भाग लेने से लेखकों को मना किया है। पर दो अन्य वाम लेखक संगठनों ने इस तरह का प्रस्ताव नहीं पारित किया है।

आखिर क्या कारण है कि इस तरह के आयोजन को लेकर हिंदी में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है? पिछले 10–15 वर्षों से हिंदी में लिट् फेस्ट की संख्या काफी बढ़ी है और उनमें हिंदी के लेखक बुलाए जा रहे हैं। कहा यह जा रहा है कि जिन लोगों को लिट् फेस्ट में नहीं बुलाया जा रहा है वह अपनी कुंठा के कारण उसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन हिंदी जगत में कुछ ऐसे लेखक हैं जो ऐसे मंचों पर कभी जाते ही नहीं। वह इन मंचों को तमाशाई, अगम्भीर, उत्सव धर्मी अधिक मानते हैं। इन मंचों से कायदे की कोई बात नहीं कहीं जा सकती है और न सुनी जा सकती है। लेकिन लेखकों का एक तबका यह कहता है कि हमें बाजार से परहेज नहीं करना चाहिए। आखिर हमारी किताबों को बाजार में ही बिकना है इसलिए अगर हम अधिक से अधिक बाजार तलाशेंगे तो अधिक पाठकों तक पहुंचेंगे।

शायद यही कारण है कि सोशल मीडिया पर आज का लेखक अपनी किताब का खुद प्रचार–प्रसार करता हुआ दिख रहा है। हिंदी में ऐसे भी लेखक हैं जो यह काम नहीं करते हैं और यह मानते हैं कि किताब का प्रचार–प्रसार करना प्रकाशक की जिम्मेदारी है ना कि लेखक की। इससे पहले हिंदी के लेखक अपनी किताबों का इस तरह प्रमोशन नहीं करते थे और प्रचार नहीं करते थे। यह सारी जिम्मेदारी पहले प्रकाशक की थी। ऐसे में लेखक प्रकाशक का यह काम क्यों कर रहे हैं?

दरअसल बाजार और पूंजी ने सब कुछ उलट–पुलट दिया है। पहले उसने राजनीति को अपने चंगुल में लिया, फिर मीडिया को लिया और अब साहित्य को अपने चंगुल में ले रहा है। पर यह भी सच है कि हिंदी के लेखक भी जनता से कट गए हैं और लेखक संगठन संकीर्ण और कट्टर होने के कारण दूसरी विचारधारा के लेखकों को अपने मंच पर नहीं बुलाते, अपनी पत्रिकाओं में नहीं छापते। इसलिए हिंदी में लेखकों का एक वर्ग इस बात की शिकायत करता रहा है कि आखिर वह किस मंच पर जाए और अपनी बात कहे। लेकिन इस पूरी बहस में एक बात उभर कर आ रही है कि लेखक भी पूंजी के इस खेल में फंस गया है। ऐसे में हिंदी के साहित्यकार क्या करें उनके पास कोई ऐसा बड़ा मंच नहीं है जहां से वे जनता से जुड़ सकें।

इस बहस में यह सवाल भी उठ रहा है कि अगर हिंदी के लेखकों को जनता से जुडना ही है तो वे किसान आंदोलन में क्यों नहीं जाते? वे मजदूर आंदोलन में क्यों नहीं भाग लेते? वे अपने मोहल्ले कॉलेज और स्कूलों में रचना पाठ की परंपरा को शुरू क्यों नहीं करते? किसी मीडिया समूह के साहित्य के नाम पर मनोरंजन का मंच सजाने पर उस मंच की शोभा बढ़ाने की बजाय अगर लेखक जन आंदोलनों में शामिल हों और लेखन, पठन का अपना मंच सजाएं तो क्या वह ज्यादा बेहतर नहीं होगा?

# मणिपुर के हालात पर विशेष गौर की जरूरत



Vkप जानते हैं कि मणिपुर भारत का सबसे खूबसूरत प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर उत्तर पूर्वी राज्य है, जिसमें लगभग पिछले डेढ़ वर्ष से पैदा हुई हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही। यह हिंसा की आग मई, 2023 में शुरू हुई थी, जब वहां की हाईकोर्ट ने बहुसंख्यक मैतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) का दर्जा देने का फैसला सुनाया था, इससे वहां के पहाड़ों में रहते कुकी समुदाय के लोगों में भय पैदा हो गया कि उनकी जमीनें और अधिकार बड़े स्तर पर कम हो जाएंगे। उत्तर पूर्व के अनेक छोटे–छोटे राज्य अशांत रहते हैं। इन सभी राज्यों के अलगाववादी हथियारबंद होकर दशकों से यहां चुनौती पेश करते आ रहे हैं। मणिपुर में बहुसंख्यक मैतई हिन्दू समुदाय के साथ और कुकी बड़ी हद तक ईसाई समुदाय से संबंधित हैं। यहां भाजपा की सरकार है। एन. बिरेन सिंह यहां के मुख्यमंत्री हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मैतई समुदाय को अपने साथ जोड़ने के लिए साम्प्रदायिक पत्ता भी खेला था, 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 37 विधायक हैं, जिनमें से 7 विधायक कुकी समुदाय के साथ भी संबंध रखते हैं। डेढ़ वर्ष से यहां बनी गृह युद्ध की स्थिति में अब तक 300 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। बड़े स्तर पर घरों और जायदादों को आग लगाई जा चुकी है। यह दोनों समुदाय एक दूसरे के कट्टर विरोधी ही नहीं, बल्कि दुश्मन बने नजर आते हैं। इसलिए अपने–अपने गांवों में इन्होंने अपने पहरे लगा रखे हैं। हथियारबंद लोग एक– दूसरे समुदाय पर हमले करते हैं।

मणिपुर फिर से हिंसा की आग में जल रहा है। यहां उग्रवादियों और सुरक्षाबलों में मुठभेड़ के बाद जिरीबाम में 6 लोगों के अपहरण और उनकी लाश मिलने के बाद से भीड़ हिंसक हो गई है। कई मंत्रियों के घरों पर हमले हो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों ने सीएम के घर पर भी हमला करने की कोशिश की थी। कुकी उग्रवादियों की ओर से एक ही परिवार के 6 लोगों की नृशंस हत्या के बाद नाराज मैतेई समुदाय के लोग सड़क पर उतर आए हैं। लगातार हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुकी समुदाय 11 नवंबर की मुठभेड़ को फर्जी बता रहा है। इन लोगों का कहना है कि वह उनके शवों का अंतिम संस्कार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही करेंगे। कुकी समुदाय का कहना है कि उन्हें शक है कि सुरक्षाबलों ने उन्हें पकड़कर मारा है।ताजा जानकारी के अनुसार हथियारबंद उग्रवादियों द्वारा जिरीबाम में एक महिला की हत्या की गई। इस संबंध में 8 नवंबर को जिरीबाम स्थानीय पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। सशस्त्र उग्रवादियों ने जिरीबाम के जाकुरधोर करोंग और बोरोबेकरा पुलिस स्टेशनों पर मौजूद सीआरपीएफ चौकी पर हमला किया। इस सिलसिले में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। बोरोबेकरा में घरों को जलाने और नागरिकों की हत्या का मामला सामने आया। इस संबंध में 11 नवंबर को बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई और 11 नवंबर को, मणिपुर पुलिस ने कहा कि बोरोबेकरा पुलिस स्टेशन और जिरीबाम के जकुरधोर में सीआरपीएफ कैंप पर छद्म वर्दी पहने और अत्याधुनिक हथियारों से लैस उग्रवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में 10 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। पुलिस के अनुसार, कुछ घंटों बाद संदिग्ध उग्रवादियों ने उसी जिले से महिलाओं और बच्चों सहित छह नागरिकों का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बाद में कहा कि मणिपुर में तैनात सभी सुरक्षा बलों को राज्य में व्यवस्था और शांति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

पिछले साल मई से जातीय संघर्ष से जूझ रहे मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के शव बरामद होने के बाद विरोध प्रदर्शन और हिंसा के कारण स्थिति अस्थिर हो गई है। गुस्साई भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में तीन और भाजपा विधायकों और एक कांग्रेस विधायक के घरों में आग लगा दी जबकि सुरक्षा बलों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के पैतृक आवास पर धावा बोलने की प्रदर्शनकारियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। मणिपुर में स्थिति को कंट्रोल करने के लिए केंद्र सरकार ने सीएपीएफ की 50 और कंपनियां भेजने का फैसला किया। इस तरह अब राज्य में सीएपीएफ की 268 कंपनियां तैनात हो गयी। इनमें पांच हजार जवानों की संख्या और बढ़ जाएगी। इस तरह, राज्य के हिंसा प्रभावित इलाकों में जवानों की तैनाती की संख्या 26,800 हो गयी। इन 50 कंपनियों में सबसे बड़ी संख्या सीआरपीएफ की कंपनियों की होगी, जबकि बाकी कंपनियां बीएसएफ और अन्य सुरक्षाबलों की होंगी। जो अतिरिक्त 50 कंपनी यहां जाएगी उनमें अतिरिक्त 6500 अर्धसैनिक बल होंगे। यहां पहले से ही 40,000 केंद्रीय बल मौजूद हैं।

इस घटनाक्रम की कुछ हैरान करने वाली बातें हैं। जब ये दंगे भड़के थे तथा गृह–युद्ध जैसा शुरू हुआ था तो इन्हें न सम्भाल सकने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री बिरेन सिंह पर डाली गई थी। ये समाचार भी आने लगे थे कि स्थिति को अच्छी तरह न सम्भाल सकने तथा इस सीमा तक बिगड़ने देने के कारण मुख्यमंत्री से इस्तीफा ले लिया जाएगा, परन्तु केन्द्र सरकार ने वहां खतरनाक हालात पैदा हो जाने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया। इससे बड़ी हैरानी की बात यह है कि इन भयावह घटनाओं के घटित होने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस राज्य का दौरा नहीं किया। यहां तक कि उन्होंने इस स्थिति कोई बयान भी नहीं दिया। प्रधानमंत्री के ऐसे रवैये ने बड़ी सीमा तक निराशा पैदा की है। अब जब यह हिंसा खत्म नहीं हो रही तो लोगों ने गुस्से में भाजपा विधायकों, मंत्रियों तथा मुख्यमंत्री तक के घरों पर हमले करने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए उन्होंने वहां के कांग्रेस नेताओं को भी नहीं बख्शा। बात अकेले मणिपुर की नहीं है, बात देश के इस पूरे उत्तर– पूर्वी क्षेत्र की है, जहां पहले ही लगातार गड़बड़ होने के समाचार मिलते रहते हैं। लोग बड़े स्तर पर बंटे हुए दिखाई देते हैं, जिसे समाप्त करने के लिए कोई बड़े यत्न नहीं किए गए। मणिपुर एक छोटा राज्य है, परन्तु इसका अनेक प्रकार से देश की समूची मानसिकता पर प्रभाव पड़ने से इन्कार नहीं किया जा सकता। राजनीतिक तौर पर मणिपुर मेंभाजपा की सहयोगी नेशनल पीपुल्स पार्टी ने इससे नाता तोड़ने की घोषणा कर दी है। कुकी समुदाय के भी 7 विधायक भाजपा से संबंधित हैं सरकार के टूटने का कोई खतरा नजर नहीं आ रहा, लेकिन सरकार टूटने से भी बड़ा मामला भाईचारे का है, जिसका प्रभाव किसी न किसी रूप में समूचे देश पर पड़ेगा। ¼fgQh½

# संकटों के दौर में सुक्खू सरकार



fgमाचल प्रदेश में सरकार पर भी जब देवता खुश नहीं रहते तो संकटों का दौर शुरू हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में कहा है–

tgk lefr rg lEifÙk ukukA

tgk defr rg foifr fuèkkukAA

अर्थात जहां कुमति है विचारों की शुचिता समाप्त हो गयी है, वहां विपत्तियां आती हैं। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस इकाई में भी ऐसे ही हालात हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र ने कांटे बिछाये तो अब उन्हीं कांटों पर उनक सरकार को चलना पड़ रहा है। पहले अदालत ने आउटसोर्सिंग पर तैनाती को अवैध बताते हुए नियुक्तियां रोक दीं और अब राज्य में पर्यटन विभाग के घाटे में चल रहे होटलों को बंद करने का हुक्म भी हाईकोर्ट ने जारी कर दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक को 18 होटलों को बंद करने संबंधी आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी सौंपी है। न्यायालय इस तत्य को न्यायिक संज्ञान में ले सकता है कि राज्य सरकार अदालत के समक्ष आये वित्त (धन) से जुड़े मामलों में संकट की बात करती रहती है तो फिर घाटे का सौदा क्यों किया जा रहा है। अदालत ने पर्यटन विकास विभाग का बकाया वसूलने के लिए सख्ती करने का भी आदेश दिया था लेकिन सरकार ने ढिलाई दिखाई है।

हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को हाई कोर्ट से एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। हाईकोर्ट ने एचपीटीडीसी के घाटे में चल रहे 18 होटलों को तुरंत प्रभाव से बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इन होटलों में द पैलेस होटल चायल, होटल गीतांजलि डलहौजी, होटल बाघल दाड़लाघाट, होटल धौलाधार धर्मशाला, होटल कुणाल धर्मशाला, होटल कश्मीर हाउस धर्मशाला, होटल एप्पल ब्लॉसम फागू, होटल चंद्रभागा केलांग, होटल देवदार खजियार, होटल गिरीगंगा खड़ापत्थर, होटल मेघदूत क्यारीघाट , होटल सरवरी कुल्लू, होटल लॉग हट्स मनाली, होटल हडिम्बा कॉटेज मनाली, होटल कुंजुम मनाली, होटल भागसू मैक्लोडगंज, होटल द कैसल नग्गर कुल्लू और होटल शिवालिक परवाणू शामिल हैं। कोर्ट ने इस आदेश का कारण स्पष्ट करते हुए कहा कि ऐसा इसलिए करना जरूरी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पर्यटन विकास निगम द्वारा इन सफेद हाथियों के रखरखाव में सार्वजनिक संसाधनों की बर्बादी न हो।

कोर्ट के समक्ष कुल 56 होटलों द्वारा किए व्यवसाय से जुड़ी जानकारी रखी गई थी। इस जानकारी को खंगालने के बाद कोर्ट ने उपरोक्त होटलों को सफेद हाथी बताते हुए कहा कि ये होटल राज्य पर बोझ हैं। कोर्ट ने कहा कि पर्यटन विकास निगम अपनी संपत्तियों का उपयोग लाभ कमाने के लिए नहीं कर पाया है। इन संपत्तियों का संचालन जारी रखना स्वाभाविक रूप से राज्य के खजाने पर बोझ के अलावा और कुछ नहीं है। कोर्ट ने यह आदेश पर्यटन निगम से सेवानिवृत कर्मचारियों को वित्तीय लाभ न देने से जुड़े मामले पर सुनवाई के पश्चात दिए। कोर्ट ने पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेशक को उपरोक्त होटल बंद करने से जुड़े इन आदेशों के क्रियान्वयन के लिए अनुपालन शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने एचपीटीडीसी से चतुर्थ श्रेणी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा अब इस दुनिया में नहीं रहे उन कर्मचारियों की सूची भी प्रस्तुत करने को कहा है, जिन्हें उनके वित्तीय लाभ नहीं मिले हैं।हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटलों से खाने–पीने के पैसों का भुगतान जिलों के अफसरों ने नहीं किया है।

हैरानी की बात ये है कि हमीरपुर डीसी ऑफिस के पास पर्यटन निगम की 5 लाख रुपए की देनदारी बाकी है। एक साल 4 महीने से हमीरपुर डीसी ऑफिस ने ये देनदारी पर्यटन निगम को नहीं दी है। इस मामले को लेकर पर्यटन निगम की ओर से हमीरपुर डीसी ऑफिस से 3 बार पत्राचार हो चुका है, लेकिन अभी तक इस राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मामले की जानकारी पर्यटन निगम बिलासपुर के मैनेजर व डीडीओ तुलसीराम ठाकुर द्वारा दी गई। हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम बिलासपुर के मैनेजर व डीडीओ तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि हमीरपुर डीसी ऑफिस के साथ–साथ डीसी ऑफिस कुल्लू, डीसी ऑफिस बिलासपुर, एम्स बिलासपुर, सीएमओ बिलासपुर, छात्रा स्कूल बिलासपुर की भी काफी सारी देनदारी पेंडिंग पड़ी हुई हैं लेकिन अब पर्यटन निगम बिलासपुर ने इन सभी विभागों को पत्राचार कर दिया है। पर्यटन निगम ने सभी से जल्द से जल्द पेंडिंग पेमेंट को पूरा करने के लिए कहा है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम एचपीटीडीसी ने 48 घंटे के अंदर रिकवरी के आदेश जारी किए हैं। हिमाचल हाईकोर्ट के 12 नवंबर के आदेशों के तहत निगम के प्रबंध निदेशक राजीव कुमार ने सभी होटल यूनिट प्रबंधकों को आदेश जारी किए हैं। अपने आदेशों में उन्होंने स्पष्ट कहा है कि सरकारी विभागों, बोर्ड और निगमों से जो पैसे की रिकवरी की जानी है, उसे 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाए। पर्यटन विकास निगम के होटलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के एवज में देनदारियां न चुकाने के कारण निगम का घाटा बढ़ता जा रहा है। घाटा ज्यादा होने के चलते पर्यटन निगम अपने कर्मचारियों और पेंशनर्स की देनदारी नहीं चुका पा रहा है। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में पहले से ही पर्यटन निगम के होटल घाटे में चल रहे हैं। पर्यटन निगम की ओर से इन होटल्स को घाटे से निकालने की कोशिश की जा रही है, लेकिन सरकारी विभागों के पास लाखों रुपयों की राशि पेंडिंग है। ऐसे में पर्यटन निगम को उम्मीद है कि अगर इस राशि का उन्हें भुगतान हो जाता है तो इससे पर्यटन निगम को थोड़ी राहत मिलेगी।घाटे के दलदल में फंसे हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) को राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों से 4.13 करोड़ रुपये से अधिक रुपये लेने हैं। इसके अलावा पर्यटन विकास निगम को निजी संस्थाओं से एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम लेनी है। ये कुल रकम 5.19 करोड़ रुपये से अधिक बनती है। घाटे में चल रहे पर्यटन विकास निगम के लिए ये रकम काफी बड़ी है, लेकिन इसे वसूल करने में निगम सफल नहीं रहा है।

अब मामला हाईकोर्ट में है। हाईकोर्ट ने पर्यटन विकास निगम की डांवाडोल आर्थिक हालत को सुधारने के लिए कड़े निर्देश जारी किए थे। इसी कड़ी में हाईकोर्ट ने निगम के कर्ता–धर्ताओं से सारे ब्यौरे तलब किए हैं।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 23 नवंबर 2024

sheelshukla100@gmail.com

# भारतीय टीम न्यूजीलैंड से घरेलू सीरीज में हार का कोई बोझ नहीं उठा रही है : बुमराह



पर्थ, 21 नवंबर। कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने कहा है कि भारतीय टीम पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेगी और पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार का कोई बोझ नहीं उठा रही है।भारत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने की तैयारी कर रहा है, लेकिन न्यूजीलैंड सीरीज में हाल ही में मिली हार ने जटिलताएं बढ़ा दी हैं। टीम को कीवी टीम के हाथों 3–0 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा, जिसमें वानखेड़े स्टेडियम में 25 रन से हार भी शामिल है। यह 2000 के बाद से घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत की पहली क्लीन स्वीप हार और तीन या उससे अधिक मैचों की सीरीज में उनकी पहली हार थी।भारत पांच मैचों की सीरीज में एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ उतरेगारू चार मैच जीतना और लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना।बुमराह ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जब आप जीतते हैं, तो आप शून्य से शुरुआत करते हैं, लेकिन जब आप हारते हैं, तो भी आप शून्य से शुरुआत करते हैं। हम भारत से कोई बोझ नहीं उठा रहे हैं। हां, हमने न्यूजीलैंड सीरीज से कुछ सीखा है, लेकिन वहां परिस्थितियां अलग थीं और यहां हमारे नतीजे अलग रहे हैं। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई करने वाले बुमराह ने आगे कहा, हमने अपनी प्लेइंग इलेवन को अंतिम रूप दे दिया है और आपको कल सुबह मैच शुरू होने से पहले पता चल जाएगा।भारतीय तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया में अपने ऐतिहासिक प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन की ओर इशारा करते हुए टीम की तैयारियों पर भी भरोसा जताया। पर्थ की पिच, जो अपनी उछाल और गति के लिए जानी जाती है, गेंदबाजों के अनुकूल होने की उम्मीद है, जो श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले में एक दिलचस्प मोड़ लाएगी।

पहला टेस्ट 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगा। एडिलेड 6 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा, इसके बाद 14 दिसंबर को ब्रिसबेन होगा। बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर को मेलबर्न में होगा और पांचवां अंतिम टेस्ट 3 जनवरी, 2025 को सिडनी में शुरू होगा।यह पहली बार होगा जब भारत और ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में मिली हार के बाद आगामी सीरीज भारत की विश्व टेस्ट चौंपियनशिप फाइनल की उम्मीदों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत का अंक प्रतिशत वर्तमान में 58.33 प्रतिशत है और वह तालिका में शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया से पीछे है।लगातार तीसरे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए, भारत को पांच में से कम से कम चार टेस्ट जीतने होंगे।

# मेगा आक्शन में आए हैं 5 ऐसे भारतीय गेंदबाज, जो आईपीएल में जीत चुके हैं पर्पल कैप



नईदिल्ली, 21 नवंबर। आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में 574 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है. इसमें एक से बढ़कर विस्फोटक बल्लेबाज, तेजतर्रार विकेटकीपर और तूफानी गेंदबाजों के नाम शामिल हैं. इतना ही नहीं नीलामी में 5 ऐसे भारतीय गेंदबाज भी इस बार नीलामी में उतर रहे हैं, जो इंडियन प्रीमियर लीग में पर्पल कैप जीतने का कारनामा कर चुके हैं. तो आइए इस आर्टिकल में आपको उन 5 गेंदबाजों के बारे में बताते हैं.

तेज गेंदबाज मोहित शर्मा उन पर्पल कैप विनर्स की लिस्ट में शुमार हैं, जिनपर आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में बोली लगने वाली है. आईपीएल 2014 में मोहित शर्मा ने पर्पल कैप अपने नाम की थी. चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेलने वाले इस तेज गेंदबाज ने 16 मैचों में 23 विकेट लिए थे और इसी के तहत उन्होंने पर्पल कैप जीती थी.भारतीय स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने एक बार नहीं बल्कि आईपीएल में बैक टू बैक 2 बार पर्पल कैप अपने नाम की हैं. भुवी ने सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेलते हुए 2016 में 17 मैचों में 23 विकेट लेकर पर्पल कैप जीती थी और साथ ही अपनी टीम को ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी. इसके अगले सीजन भी उनकी गेंदबाजी का जादू चला, जब तेज गेंदबाज ने सीजन में खेले गए 14 मैचों में 26 विकेट चटकाए और पर्पल कैप जीती.इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में अपना नाम 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइज के साथ ड्राफ्ट किया है. चहल भी पर्पल कैप जीत चुके हैं. उन्होंने 2022 में 17 मैच खेले, जिसमें 27 विकेट लिए और पर्पल कैप जीते.आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में मोहम्मद शमी ने 2 करोड़ रुपये की बेस प्राइज के साथ अपना नाम ड्राफ्ट किया है. शमी ने गुजरात टायटंस की ओर से खेलते हुए आईपीएल 2023 में 17 मैचों में 28 विकेट लिए थे. इस बार शमी को नीलामी में बड़ी रकम मिलने की उम्मीद है.भारतीय तेज गेंदबाज हर्षल पटेल आईपीएल 2025 में शामिल सबसे डिमांडिंग तेज गेंदबाजों में से एक होने वाले हैं. इस पेसर ने आईपीएल में एक नहीं बल्कि 2 बार पर्पल कैप जीती है.पहले 2021 में हर्षल ने 15 मैचों में 32 विकेट लेकर पर्पल कैप जीती. फिर पिछले सीजन यानी आईपीएल 2024 में 14 मैचों में 24 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम की. अब 2 करोड़ की बेस प्राइज के साथ वह नीलामी में हिस्सा ले रहे हैं, जहां उन्हें 15 करोड़ तक की रकम मिलने की उम्मीद है.

# देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में घर का सपना हो सकेगा पूरा, ग्रुप हाउसिंग के 4 प्लसटों की आएगी स्कीम



ग्रेटर नोएडा ,21 नवंबर । दिल्ली–मुंबई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के अंतर्गत देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप में से एक इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में रहने का सपना जल्द पूरा हो सकेगा। आईआईटीजीएनएल की ग्रुप हाउसिंग भूखंड योजना जल्द लॉन्च हो सकेगी। आईआईटीजीएनएल की सोमवार को संपन्न बोर्ड बैठक में 2024–25 की भू आवंटन की दरें तय हो चुकी हैं। अब स्कीम लॉन्च करने के निर्देश दिए गए हैं।दरअसल, आईटीजीएनएल की तरफ से बिल्डर भूखंडों की स्कीम लॉन्च करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन ई–ऑक्शन के लिए रिजर्व प्राइस तय न होने के कारण रुकी थी। आईटीजीएनएल की बोर्ड बैठक सोमवार को संपन्न हुई, जिसमें रेट पर मुहर लग गई।इस टाउनशिप में 44,400 रुपए प्रति वर्ग मीटर रिजर्व प्राइस तय किया गया है। इसके साथ ही अब यह स्कीम भी शीघ्र लॉन्च होने जा रही है। देश की सबसे स्मार्ट टाउनशिप होने के चलते यहां पर पहले से ही एनसीआर एवं देश के कई बड़े बिल्डर ग्रुप हाउसिंग में निवेश करने की इच्छा जता चुके हैं। ऐसे में आईआईटीजीएनएल में ग्रुप हाउसिंग के ऑक्शन की स्कीम में बड़ी संख्या के बिल्डरों के भाग लेने की संभावना है।आईआईटीजीएनएल की निदेशक प्रेरणा सिंह ने बताया कि 4 ग्रुप हाउसिंग भूखंडों में से एक भूखंड 34,500 वर्ग मीटर, दूसरा भूखंड 54,400 वर्ग मीटर, तीसरा भूखंड 70,000 वर्ग मीटर और चौथा भूखंड 94,000 वर्ग मीटर एरिया का है। रिजर्व प्राइस के आधार पर चारों भूखंडों की कुल कीमत लगभग 1,123 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। अगर चारों भूखंड रिजर्व प्राइस पर भी बिकते हैं तो आईआईटीजीएनएल को 1,123 करोड रुपए प्राप्त होंगे। साथ ही लोगों का आईआईटीजीएनल की स्मार्ट टाउनशिप में रहने का सपना भी पूरा हो सकेगा। इन भूखंडों का आवंटन ऑनलाइन ऑक्शन के जरिए होगा, जो आवेदक सबसे अधिक बोली लगाएगा, उसे ही भूखंड आवंटित किए जाएंगे।स्कीम में पंजीकरण, आवेदन, फीस डिपॉजिट और ई–ऑक्शन की सुविधा ऑनलाइन ही होगी। इसके साथ ही आईआईटीजीएनएल बोर्ड ने 2024–25 के लिए उद्योगों वाणिज्यिक संपत्तियों की दरें भी तय कर दी हैं।

औद्योगिक भूखंडों की दर 23,900 रुपए प्रति वर्ग मीटर और वाणिज्यिक भूखंडों की दर 75,400 रुपए प्रति वर्ग मीटर होगी। इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप को डीएमआईसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड (आईआईटीजीएनएल) द्वारा करीब 750 एकड़ में विकसित किया जा रहा है। इस टाउनशिप में एक दर्जन बड़ी कंपनियां अपना प्लांट लगा रही हैं। हायर इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉर्मी मोबाइल, सत्कृति इंफोटेनमेंट, चेनफेंग (एलईडी कंपनी) और जे वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी कंपनियां भी इसी टाउनशिप में चल रही हैं।

# बुमराह, कमिंस ने पर्थ टेस्ट से पहले गेंदबाजी नेतृत्व की वकालत की

पर्थ, 21 नवंबर । पर्थ के ऑप्टस



स्टेडियम में शुरू होने वाली बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी से पहले, जसप्रीत बुमराह और पैट कमिंस दोनों ने कप्तान के रूप में तेज गेंदबाजों पर दुर्लभ स्पॉटलाइट को अपनाया। कमिंस ने इस प्रवृत्ति को एक ताजा बदलाव के रूप में सराहा, बुमराह ने तेज गेंदबाजों की सामरिक तीक्ष्णता की वकालत की, अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को उच्च मानक स्थापित करने का श्रेय दिया और इसे क्रिकेट नेतृत्व में एक संभावित नई परंपरा कहा।पहली बार, दो तेज गेंदबाज–बुमराह और कमिंस–अपनी–अपनी टीमों की अगुवाई करेंगे, जो टेस्ट टीमों की कप्तानी करने वाले बल्लेबाजों या ऑलराउंडरों की परंपरा से महत्वपूर्ण बदलाव है।

कमिंस ने गुरुवार को कहा, हां, देखकर बहुत अच्छा लगा। ऐसा और भी होना चाहिए। पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में टिम साउदी की कप्तानी में भी अच्छा प्रदर्शन किया गया था। हां, मुझे नहीं लगता कि इसमें बहुत ज्यादा बदलाव हुआ है। यह उन दुर्लभ चीजों में से एक है। मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि वह वहां कैसे अपना काम करते हैं, लेकिन तेज गेंदबाजी के प्रशंसक के रूप में, यह देखना हमेशा अच्छा होता है।भारत के तेज गेंदबाज बुमराह ने कमिंस की भावनाओं को दोहराया और अपने समकक्ष की ऑस्ट्रेलिया की शानदार कप्तानी के लिए प्रशंसा की, उन्होंने कपिल देव जैसे पूर्व दिग्गजों को सफल तेज गेंदबाज–कप्तानों के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया।बुमराह ने कहा, मैंने हमेशा तेज गेंदबाजों को कप्तान बनाने की वकालत की है। वे सामरिक रूप से बेहतर हैं। पैट ने शानदार काम किया है। अतीत में भी कई मॉडल हैं। कपिल देव और अतीत में कई अन्य कप्तान रहे हैं। उम्मीद है कि एक नई परंपरा की शुरुआत होगी।दोनों कप्तानों पर पूरी नजर रहेगी क्योंकि वे पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में तेज गेंदबाजों के अनुकूल सतह पर अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे। अपनी उछाल के लिए मशहूर इस पिच से तेज गेंदबाजों को काफी मदद मिलने की उम्मीद है। पहली सुबह बारिश के कारण खेल बाधित होने की संभावना है, जिससे बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां और भी चुनौतीपूर्ण हो सकती हैं।

# डेविस कप फाइनल्सः कनाडा को हराकर जर्मनी सेमीफाइनल में



मैलागा (स्पेन), 21 नवंबर। जान–लेनार्ड स्ट्रफ और डैनियल अल्टमायर ने अपने–अपने मैच जीते, जिससे जर्मनी ने कनाडा को 2–0 से हराकर बुधवार को डेविस कप फाइनल्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जर्मनी ने 2019 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और कनाडा को आसानी से हराया।अल्टमायर ने शुरुआत में घबराहट से उबरते हुए गैब्रियल डायलो को सीधे सेटों में 7–6(5) 6–4 से हराया, इससे पहले स्ट्रफ ने किसी तरह डेनिस शापोवालोव के खिलाफ रोमांचक मुकाबले को 4–6 7–5 7–6(5) से जीत लिया।स्ट्रफ ने कहा, आज मुझे लगता है कि दोनों खिलाड़ी जीत के हकदार थे। लेकिन मैं अंत में जीत हासिल करके खुश हूं। डेनिस शानदार खेल रहे थे, उन्होंने पूरे मैच में बेहतरीन सर्विस की। वापसी करना मुश्किल था। टाईब्रेक में भी, उन्होंने कुछ विनर्स लगाए। यह बहुत करीबी मुकाबला था।इस जीत ने जर्मनी और नीदरलैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबले की नींव रखी, जब डच ने स्पेन को हराकर मंगलवार रात राफेल नडाल के टेनिस करियर को खत्म कर दिया।स्ट्रफ पुराने खेल प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने को लेकर उत्साहित थे। उन्होंने कहा, यह अद्भुत होगा। हमारे लिए क्वार्टर फाइनल से सेमीफाइनल में जाना एक बड़ा कदम है। हम जीतना चाहते हैं और अब फाइनल में जाना चाहते हैं।जर्मन स्टार ने कहा, नीदरलैंड ने शानदार मुकाबला खेला। हमें कड़े मुकाबले की उम्मीद है। हम जानते हैं कि जर्मन और डच के बीच थोड़ी प्रतिद्वंद्विता है और डच लोगों के पास अद्भुत प्रशंसक हैं, इसलिए मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।शापोवालोव को एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ चूके मौकों का अफसोस होगा, जिसने 2022 में इस प्रतियोगिता में तीसरे सेट के टाईब्रेक में भी उन्हें हराया था। कनाडाई खिलाड़ी कई बार अजेय रहे, उन्होंने 27 ऐस और 24 विनर्स लगाए। लेकिन उन्होंने डबल फॉल्ट के साथ 13 फ्री पॉइंट भी गंवाए, जिसमें मैच को अपने प्रतिद्वंद्वी को सौंपने का तोहफा भी शामिल है।इससे पहले, शुरुआती मैच में, पहले सेट के दौरान दोनों खिलाड़ी आशंकित दिखे। अल्टमायर ने टाईब्रेक में 5–0 की बढ़त को जाने दिया और फिर 7–5 से जीत हासिल की। दूसरा सेट बेहतर रहा और यह तभी संभव हुआ जब जर्मन खिलाड़ी ने 15–40 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दसवें गेम में कनाडाई खिलाड़ी की सर्विस तोड़ी और मैच जीत लिया।अल्टमायर ने यह भी बताया कि जर्मन टीम कल रात राफेल नडाल के आखिरी टेनिस मैच का अनुभव लेने स्टेडियम गई थी। उन्होंने कहा, हमने पूरा पहला सेट देखा। जब हमने तस्वीरें देखीं तो हम सभी की आंखों में आंसू आ गए। मैं उन्हें तब से देख रहा हूं, जब हम बहुत छोटे लड़के थे, इसलिए यह वाकई बहुत मार्मिक और यादगार है।

# गोदरेज इंटेरियो ने त्योहारी सीजन में दर्ज की 25प्रतिशत की वृद्धि, होम पर्सनलाइजेशन पर फोकस



मुंबई ,21 नवंबर । गोदरेज एंड बॉयस के भारत के अग्रणी होम और ऑफिस फर्नीचर ब्रांड्स में से एक और गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का हिस्सा, गोदरेज इंटरियो ने त्योहारी सीजन के दौरान 25त्न की वृद्धि दर्ज की है, ऐसा उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं और विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत मांग के कारण संभव हुआ है। ब्रांड ने सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की, जिसमें उत्तर और मध्य भारत सबसे मजबूत प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों के रूप में उभरे।

त्योहारी सीजन में वृद्धि पर टिप्पणी करते हुए, गोदरेज इंटेरियो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और उपभोक्ता व्यवसाय (क्च2ष्ट) के प्रमुख देव सरकार ने कहा, इस त्योहारी सीजन का प्रदर्शन आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों और आकांक्षाओं के बारे में हमारी गहरी समझ को दर्शाता है। विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि अपमोड्स रेंज जैसे उत्पादों के साथ वैयक्तिकरण और मॉड्यूलरिटी सहित डिजाइन–आधारित नवाचार पर हमारे रणनीतिक फोकस को मान्य करती है, और नवीनतम तकनीक का उपयोग करके बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करती है। निरंतर गुणवत्ता मानक बनाए रखते हुए एक विशाल उत्पाद रेंज के साथ विविध प्राथमिकताओं को पूरा करने की हमारी क्षमता इस सफलता की कुंजी रही है।

चूंकि हम शादी के मौसम में प्रवेश कर रहे हैं, जहां उच्च उपभोक्ता गतिविधि की उम्मीद है, हमें विश्वास है कि हमारे लक्षित पेशकश, एक विस्तारित उत्पाद पोर्टफोलियो और गहरी बाजार पहुंच के साथ मिलकर हमें इस गति को बनाए रखने में सक्षम बनाएंगे। उपभोक्ता रुझानों के अनुरूप रहकर, हमारा लक्ष्य स्थानों को फिर से परिभाषित करना और अपने ग्राहकों के लिए सुखद अनुभव बनाना है। मांग में उछाल व्यक्तिगत रहने की जगह बनाने की दिशा में उपभोक्ता की बदलती प्राथमिकताओं को दर्शाता है, विशेष रूप से हाइब्रिड कार्य मॉडल के निरंतर अपनाने से प्रेरित है।

गोदरेज इंटेरियो ने मॉड्यूलर फर्नीचर समाधानों और अनुकूलन योग्य पेशकशों में बढ़ती रुचि की सूचना दी, जो उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों को बहु–कार्यात्मक स्थानों के रूप में देखने की व्यापक प्रवृत्ति को दर्शाता है।उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं के जवाब में, गोदरेज इंटेरियो ने बेडरूम, लिविंग और डाइनिंग श्रेणियों में अपमोड्स की एक विशेष श्रृंखला पेश की है, जो निजीकरण और मॉड्यूलरिटी पर ध्यान केंद्रित करती है। निरूशुल्क साइट विजिट और 3डी रूम प्लानर की शुरुआत के साथ–साथ आउटलेट पर डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग सुविधा टूर के माध्यम से ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाया गया है।

गोदरेज इंटेरियो ने वित्त वर्ष 25 में अब तक 80 चौनल पार्टनर जोड़े हैं और वित्त वर्ष 25 के अंत तक 124 और जोड़ने की योजना है। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं को कई वित्त विकल्प प्रदान करने के लिए अग्रणी बैंकों के साथ रणनीतिक साझेदारी स्थापित की गई है। गोदरेज इंटेरियो को उम्मीद है कि त्योहारी और शादी के मौसम में उसके वार्षिक राजस्व में लगभग 35त्न का योगदान होगा, जो उसके विकास की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

आगे देखते हुए, गोदरेज इंटेरियो ने विभिन्न मूल्य बिंदुओं पर अनुकूलित बेडरूम फर्नीचर पैकेजों के माध्यम से आगामी शादी के मौसम का लाभ उठाने की योजना बनाई है, जबकि विस्तार और बेहतर ग्राहक अनुभव पर अपना ध्यान केंद्रित रखा है।

# एनवीडिया को एआई से जबरदस्त लाभ, 35. 1 बिलियन डालर राजस्व वृद्धि की हासिल

नई दिल्ली ,21 नवंबर । दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी एनवीडिया ने 27 अक्टूबर को समाप्त अपनी तीसरी तिमाही के लिए 35.1 बिलियन डॉलर के मजबूत परिणाम की जानकारी दी, जो पिछली तिमाही से 17 प्रतिशत और एक साल पहले की तुलना में 94 प्रतिशत अधिक है।

एनवीडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में अग्रणी रही है, जिसने एनवीडिया को 3.6 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के बाजार पूंजीकरण के साथ दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बना दिया है।

एनवीडिया के संस्थापक और सीईओ जेन्सन हुआंग ने कहा, एआई का युग उफान पर है, जो एनवीडिया कंप्यूटिंग की ओर वैश्विक बदलाव को बढ़ावा दे रहा है।

हॉपर (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिटमाइक्रोआर्किटेक्चर) और ब्लैकवेल चिप की जबरदस्त मांग बनी हुई है, जो अविश्वसनीय है।तीसरी तिमाही में 94 प्रतिशत राजस्व वृद्धि के बावजूद, यह आंकड़ा लगातार चौथी तिमाही के लिए कम है, जो पिछली तीन तिमाहियों में 122 प्रतिशत, 262 प्रतिशत और 265 प्रतिशत बढ़ा है।

चौथी तिमाही के लिए, कंपनी को उम्मीद है कि बिक्री 37.5 बिलियन डॉलर से 2 प्रतिशत कम या ज्यादा होगी। एनवीडिया 27 दिसंबर को सभी शेयरधारकों को 0.01 डॉलर प्रति शेयर का अपना अगला तिमाही नकद लाभांश देगा।हुआंग ने कहा, एआई हर उद्योग, कंपनी और देश को बदल रहा है। एंटरप्राइस वर्कफ्लो में क्रांति लाने के लिए एआई को अपना रहे हैं। फिजिकल एआई में सफलताओं के साथ इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स निवेश बढ़ रहे हैं और देश अपने राष्ट्रीय एआई और बुनियादी ढांचे को विकसित करने को लेकर जागरूक हो गए हैं।ग्राफिक्स चिप दिग्गज के शेयर बुधवार (यूएस समय) को मामूली रूप से 145.89 डॉलर पर बंद हुए। डेटा सेंटर का राजस्व रिकॉर्ड 30. 8 डॉलर बिलियन था, जो पिछली तिमाही से 17 प्रतिशत और एक साल पहले से 112 प्रतिशत अधिक था।

# आईपीएल नीलामी पर्थ टेस्ट के लिए कोई बाधा नहीं बनेगीः कमिंस



पर्थ, 21 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को भरोसा है कि आगामी आईपीएल मेगा नीलामी, जो पर्थ में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के साथ ओवरलैप होने वाली है, उनकी टीम को विचलित नहीं करेगी।आईपीएल नीलामी 24 और 25 नवंबर के लिए निर्धारित है और 24 और 25 नवंबर को क्रमशरू तीसरे और चौथे दिन का खेल समाप्त होने के तुरंत बाद, कार्रवाई जेद्दा में दो दिवसीय आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में स्थानांतरित हो जाएगी।कमिंस ने कहा,हां, मुझे लगता है कि वह नीलामी में है। मुझे ऐसा नहीं लगता (यह एक विकर्षण होगा)। डैन वहां उड़ गया है, लेकिन वह पूरी तैयारी के लिए यहां था। सभी बैठकें कीं, सभी चौट कीं, इसे देखा। हमें वैसे भी यह पता चल गया।कमिंस ने संवाददाताओं से कहा, तो, खिलाड़ियों के लिए, मुझे ऐसा नहीं लगता। इनमें से ज़्यादातर खिलाड़ी पहले भी नीलामी में शामिल हो चुके हैं। उन्हें पता है कि वे वास्तव में कुछ नहीं कर सकते। आप बैठे–बैठे ही यह देखते रहते हैं कि आपका चयन होता है या नहीं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम पहले दो दिन कैसे खेलते हैं। जहां तक मैं देख सकता हूँ, यह कोई ध्यान भटकाने वाली बात नहीं है।कमिंस और ट्रैविस हेड मौजूदा टीम में एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं जिन्हें उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी ने बरकरार रखा है।ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच डैनियल विटोरी सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच के रूप में जेद्दा में होने के कारण पर्थ टेस्ट से चूक जाएंगे। रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर के साथ भी ऐसा ही मामला है, जो क्रमशरू पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच के रूप में नीलामी में शामिल होने के कारण पहले दिन के खेल के बाद ब्रॉडकास्टर चौनल सेवन के लिए पर्थ टेस्ट पर कमेंट्री करने से चूक जाएंगे।

कमिंस ने कहा,डैन ने हमारे साथ सभी बैठकें और तैयारियां की हैं। सब कुछ तय है, इसलिए कोई चिंता की बात नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने शेड्यूलेशन की आलोचना करते हुए कहा, दोनों टीमों के कई खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा हैं। इसे टेस्ट के बीच नौ दिन के अंतराल के दौरान शेड्यूल किया जा सकता था, ताकि अनावश्यक दबाव से बचा जा सके।हालांकि, कमिंस शेड्यूलिंग से बेपरवाह हैं। उन्होंने कहा, हम पर्थ टेस्ट पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। नीलामी का समय इसका मतलब है कि यह खेल के पहले दो दिनों में बाधा नहीं डालेगा। हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं।

ऑस्ट्रेलिया और भारत शुक्रवार को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरुआत करेंगे।

# कुश्ती ने अर्न्तराष्ट्रीय खेल जगत में पदकों को देश के नाम कर लहराया है तिरंगे का परचम- प्रमोद तिवारी



लालगंज, प्रतापगढ़। अठेहा क्षेत्र के सेमरा में दो दिवसीय राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता का गुरूवार की शाम राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भव्य समारोह के मध्य समापन किया। बनारस, अयोध्या, गाजीपुर समेत कई जिलों समेत हरियाणा, दिल्ली तथा जम्मू कश्मीर के बीच दो दिनों की रोमांचक कुश्ती प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने इक्यावन हजार की इनामिया रोमांचक फाइनल कुश्ती में मेरठ के पहलवान आसिफ अली को विजेता कप प्रदान किया। आसिफ ने अमृतसर के देव पहलवान को दांतों तले उंगली दबाने वाले रोमांचक मुकाबले में चारों खाने चित्त कर दिया। वहीं कई सालों से आयोजित सेमरा के दंगल में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यहां जनसुविधाओं के लिए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से एक लाख रूपये की धनराशि की सौगात भी सौंपी। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भारतीय कुश्ती देश के प्राचीनतम खेल का गौरव है। उन्होनें कहा कि कुश्ती के क्षेत्र में भारतीय पहलवानों ने कई बार अर्न्तराष्ट्रीय ओलंपिक पदक देश के नाम दिलाकर खेल जगत में समूचे विश्व में तिरंगे का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि कुश्ती का खेल कमजोरों की रक्षा के लिए प्रेरणादायक पुरातन संस्कृति का भी हमें बोध कराता है। उन्होंने पहलवानों से कहा कि वह अपने स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रखें ताकि पूरी क्षमता के साथ कुश्ती के क्षेत्र में वह देश का नाम रोशन करते रहें। दंगल प्रतियोगिता के संयोजक अनवारूल हसन, रियाजुल हसन, प्रधान लव सिंह, प्रधान बृजेश यादव ने आयोजन समिति की ओर से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से देश के कई राज्यों से यहां पहुंचे पहलवानों का स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने किया। संचालन रियाजुल हसन ने किया। दंगल प्रतियोगिता में प्रधान संघ अध्यक्ष रोहित सिंह, मिंटू सिंह, डॉ. अमिताभ शुक्ल, दृगपाल यादव, अशोकधर द्विवेदी ने राजस्थान के बिल्ला पहलवान तथा दिल्ली के राहुल व अयोध्या के पागल बाबा तथा गाजीपुर के राहुल समेत कई रोमांचक कुश्तियों में पहलवानों का एक दूसरे से हाथ मिलवाया। कुश्ती में जिले के अलावा पड़ोसी अमेठी, गौरीगंज, परशदेपुर, सलोन आदि इलाके से भी हजारों की तादात में मौजूद दर्शकों ने प्रतियोगिता में रेफरी अठेहा के सिददीक पहलवान व मेरठ के साबिर पहलवान की मशक्कत को जमकर सराहना करते दिखे। इसके पहले राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने अलावलपुर में पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी राजपत सिंह के आवास पर पहुंचकर हाल ही में उनके बड़े भाई राजकरन सिंह के निधन पर संवेदना प्रकट की। सांगीपुर बाजार में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यहां व्यापार मण्डल की नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीक्षा सिंह एवं पदाधिकारियों को स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से सम्मानित किया। उन्होनें लालगंज के भवराम बोझी में व्यापार मण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर द्विवेदी के पुत्र पवन तथा इसी गांव के देवराज वर्मा के पुत्र सूरज वर्मा के आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर दुख दर्द साझा किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, दयाराम वर्मा, आशुतोष मिश्र, अवधेश सिंह, रामू मिश्र, विशालमूर्ति मिश्र, राधेश्याम दुबे, गुरू प्रसाद मिश्र, देवी प्रसाद तिवारी, छोटे लाल सरोज, मुरलीधर तिवारी, श्रीकान्त मिश्र, दीपक मिश्र, त्रिभु तिवारी आदि रहे।

# महिला चिकित्सक ने छात्राओं को किया जागरुक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी(एजेंसी)। क्षेत्र के क्षेत्र के सीता देवी महाविद्यालय पारिजात धाम बरोलिया में महिला चिकित्सक द्वारा छात्राओं को उड़ान कार्यक्रम अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता एंव आत्म रक्षा के गुर बताए। गुरुवार को क्षेत्र के सीतादेवी महाविद्यालय पारिजात धाम बरोलिया में महिला चिकित्सक डाक्टर रश्मि सिंह ने छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, और आत्म रक्षा के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं की स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं जैसे मासिक धर्म स्वास्थ्य पोषण और मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और छात्राओं को सही जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। डाक्टर रश्मि सिंह ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शिक्षा और स्वास्थ्य का सही संतुलन एक महिला को समाज में अपनी पहचान बनाने में सहायक होता है।इस मौके पर महाविद्यालय की महिला प्राध्यापक छात्राएं मौजूद रहीं।

ग्राम रोजगार सेवकों की बैठक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लाक सभागार सिरौलीगौसपुर में खंण्ड विकास अधिकारी अदिती श्रीवास्तव की अध्यक्षता एंव एपीओ मनरेगा रेनू रावत के संयोजन में ग्राम रोजगार सेवकों की बैठक हुइ

# बोर्ड परीक्षा को लेकर एसडीएम ने की रणनीतिक बैठक

लालगंज, प्रतापगढ़। तहसील सभागार में गुरूवार को एसडीएम ने राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यो के साथ बैठक कर आगामी बोर्ड परीक्षा को लेकर रणनीतिक बैठक की। एसडीएम लालगंज नैंनसी सिंह ने प्रधानाचार्यो से बोर्ड परीक्षा के दौरान सीसी टीवी कैमरे की सक्रियता के साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित रखरखाव के बेहतर व्यवस्था के बाबत आवश्यक निर्देश दिये। वहीं एसडीएम ने परीक्षा के दौरान शुद्व पेयजल की व्यवस्था के साथ ही शौचालयों की बेहतर व्यवस्था के बाबत भी निर्देश दिये हैं। प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार ने भी परीक्षा को लेकर आवश्यक जानकारियां साझा किया। इस मौके पर राजकीय महाविद्यालय शुकुलपुर की प्रधानाचार्या सरिता शुक्ला, सूर्येश प्रताप, शालिनी बाला सिंह, डॉ. नलिनकान्त उपमन्यु, विजय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# रास्ते के विवाद में दो पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। रास्ते के विवाद में मारपीट की घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के धधुआगाजन गांव निवासी रमेश कुमार यादव पुत्र रामसुख यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सोलह नंवबर को सुबह करीब आठ बजे गांव के पवन कुमार यादव पुत्र शीतलू यादव व चंठू उर्फ छोटू पुत्र रघुवीर ने रास्ते पर ईट आदि रखकर उसे अवरूद्ध कर दिया। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपियों ने गाली देते हुए उसे मारापीटा। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी व कुर्सी, चारपाई आदि सामान तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद पवन समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। दहेज हत्या के दर्ज मुकदमें में आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। उदयपुर थाना के उमरार गांव निवासी योगेश रजक की पत्नी प्रर्मिला देवी का शव अठारह नवंबर को दोपहर घर के कमरे में फांसी के फन्दे से लटकता मिला था। घटना को लेकर मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने पति व ससुर, सास व जेठानी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर एसओ राधेबाबू का कहना है कि गुरूवार सुबह मुखबिर की सूचना पर आरोपी पति योगेश को अमावां के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# खाद विक्रेताओं से रसीद जरुर प्राप्त करें किसान: सत्येन्द्र कुमार

## कृषि अधिकारियों के साथ में डीएम ने की बैठक, ली जानकारी



बाराबंकी(एजेंसी)। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण की समीक्षा बैठक की गयी, जिसमें कृषि, सहकारिता, पीसीएफ, इफको के अधिकारियों के साथ–साथ जनपद के समस्त थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहें। बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान 3137 मी.टन डीएपी तथा 7907 मी.टन. एनपीके उपलब्ध है। विगत 02 दिनों में जनपद में प्राप्त पीपीएल एवं कोरोमण्डल कम्पनी की डीएपी की रैंक से पीसीएफ के माध्यम से प्राप्त स्टाक का 30 प्रतिशत समितियों पर प्रेषित कराया जा रहा है तथा शेष स्टाक निजी क्षेत्र के बिक्री केन्द्रों पर आपूर्ति किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आज जनपद में एनएफएल कम्पनी की टीएसपी के रैक प्राप्त हुई है. जिसमें से पीसीएफ को 30 प्रतिशत तथा शेष स्टाक निजी बिक्री केन्द्रों पर आपूर्ति कराया जा रहा है। शुक्रवार को आईपीएल कम्पनी की डीएपी मात्रा 654 मी.टन तथा टीएसपी 641 मी.टन की प्राप्त हो रही है, साथ ही इफको की डीएपीध्एनकेपीएस की एक रैक प्राप्त हो जायेगी तथा आगामी 02 से 03 दिनों में कृभको एनपीके 12रू32 पैसे की 16वीं रैंक प्राप्त हो जायेगी।जिलाधिकारी द्वारा जनपद के थोक उर्वरक विक्रेताओं के गोदाम में उपलब्ध फास्फेटिक उर्वरकों की समीक्षा की गयी तथा कड़े निर्देश दिया गया कि किसी भी दशा में गोदामों में उर्वरकों का अनावश्यक भण्डारण न किया जाए तथा जो भी उर्वरक उपलब्ध हो वह तत्काल फुटकर विक्रेताओं को आपूर्ति किया गया ताकि कृषकों को सुगमतापूर्वक सभी उर्वरक प्राप्त हो सकें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि जनपद में प्राप्त होने वाली रैकों से तत्काल फुटकर उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर आपूर्ति कराते हुए तत्काल एक्नॉलेजमेन्ट सुनिश्चित करायें ताकि वितरण में किसी प्रकार की समस्या न आने पाये। किसी भी दशा में निर्धारित दर से अधिक दर पर उर्वरकों की बिक्री न हो तथा कृषकों को उनकी जोत एवं फसल संस्तुति के अनुसार उर्वरक पीओएस मशीन से ही उपलब्ध करायी जाए। कृषि विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि आवंटित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण सील रहकर यह सुनिश्चित करायें कि किसी भी दशा में उर्वरकों की अधिक दर पर बिक्री न होने पाये। तथा जांच के दौरान यह भी देखा जाए कि जिन विक्रेताओं द्वारा कृषकों को अधिक अधिक मात्रा में उर्वरक बिक्री की गयी हो उन कृषकों से फीडबैक भी प्राप्त करें कि वास्तव में उनके द्वारा उर्वरक प्राप्त किया गया है अथवा नहीं, यदि कोई विक्रेता इसमें दोषी पाया जाए अथवा अधिक दर पर बिक्री करते हुए पाया जाये तो तत्काल उसके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3ध्7 के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।कृषकों से अपील की गयी कि जनपद के सभी समितियों तथा निजी बिक्री केन्द्रों पर उर्वरकों की उपरोक्तानुसार आपूर्ति करायी जा रही है. कृषक भाई अपनी जोतध्अभिलेखों के अनुसार फसल की संस्तुत मात्रा में उर्वरक पीओएस मशीन से निर्धारित दर पर प्राप्त करें तथा पीओएस मशीन की रसीद विक्रेता से अवश्य प्राप्त करें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

फतेहपुर–बाराबंकी।(एजेंसी ) कस्बा सूरतगंज क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप से ड्यूटी कर अपने घर आ रहे बाइक सवार युवक को बीते बुधवार देर रात सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, घटना थाना मोहम्मदपुरखाला क्षेत्र स्थित ग्राम ममटामऊ के पास की है। जहां पर रोहित यादव पुत्र बराती लाल उम्र (18) वर्ष क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर कई वर्षों से सेल्समैन का कार्य करता था। बुधवार देर रात वह पेट्रोल पंप से ड्यूटी कर अपने घर फतेहपुर स्थित मोहल्ला ग्रीन कॉलोनी आ रहा था।

# दो अर्न्तजनपदीय अपराधियों पर गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दो अर्न्तजनपदीय अपराधियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल नीरज यादव ने बताया कि अमेठी जनपद के असैदापुर थाना गौरीगंज निवासी गैंग लीडर मिथुन कुमार साहू पुत्र भुल्लर प्रसाद साहू तथा इसी जनपद के कटरा लालगंज मुसाफिरखाना निवासी प्रकाश वर्मा उर्फ जियावन उर्फ जेपी पुत्र राममूरत द्वारा संगठित आपराधिक गिरोह बनाया गया है। जो अर्न्तजनपदीय स्तर पर लूट चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम देने में सक्रिय है। गैंग लीडर मिथुन के खिलाफ लालगंज, उदयपुर, अमेठी में कुल आठ मुकदमें दर्ज हैं। वही गैंग सदस्य प्रकाश वर्मा के खिलाफ अमेठी में चौदह व लालगंज में तीन मुकदमें समेत कुल सत्रह मुकदमें दर्ज हैं। दोनों आरोपी जेल में निरूद्ध हैं। इनके खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी है।

# रिश्वत लेते गिरफ्तार डाककर्मी के बेटे को साथ ले गयी सीबीआई

लालगंज, प्रतापगढ़। सीबीआई की एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को सांगीपुर में छापेमारी कर डाककर्मी के बेटे को रंगे हाथ रिश्वत लेते धर दबोचा। सांगीपुर थाने में देर रात तक चली पूछताछ व लिखापढ़ी के बाद सीबीआई गिरफ्तार आरोपी को अपने साथ ले गयी। वहीं मामले के मुख्य आरोपी की सीबीआई को तलाश है। सांगीपुर के ननौती उप डाकघर में विनोद कुमार पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात हैं। विनोद कुमार ने डाक घर ननौती मे वार्षिक निरीक्षण के लिए नियुक्त लालगंज डाक घर में लाईन सर्वेक्षण के पद पर तैनात गुरू का पुरवा धारूशाहपुर निवासी विमलेश कुमार पाण्डेय पर निरीक्षण के नाम पर पचास हजार रूपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए सीबीआई से शिकायत की थी। मामले में बीस हजार रूपये विमलेश ने सांगीपुर में नीरज पाण्डेय को देने के लिए विनोद कुमार से कहा था। पीडित की शिकायत पर बुधवार शाम लखनऊ से सीबीआई की एंटी करप्शन टीम यहां लालगंज पहुंची। सीबीआई के आने की भनक लगते ही विमलेश भाग निकला। वहीं सीबीआई टीम ने सांगीपुर के देवापुर डाक घर पहुंचकर बाहर खड़े नीरज को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। नीरज यहां अपने पिता कृष्णकान्त पाण्डेय का कार्यभार संभालता था। गिरफ्तार नीरज को लेकर सीबीआई सांगीपुर थाने पहुंची। यहां सीबीआई ने उसे देर रात तक पूछताछ करने के साथ ही लिखापढ़ी की। एसओ मनीष कुमार ने बताया कि देर रात सीबीआई गिरफ्तार नीरज पाण्डेय को अपने साथ ले गयी।

# रजिस्ट्री कार्यालय हटाने के मुद्दे पर फिर भड़के वकील, कलमबंद हड़ताल शुरु



फतेहपुर–बाराबंकी(एजेंसी )। रजिस्ट्री कार्यालय प्रस्तावित स्थान पर पुनः बनाये जाने को लेकर अधिवक्ताओं व प्रशासन में फिर बात बिगड़ गई। जिसको लेकर बड़ी संख्या में अधिवक्ता लामबन्द होकर सड़क पर उतर गए। अधिवक्ताओं ने तहसील चौराहा जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी करते हुए अनिश्चित कालीन कलमबन्द हडताल का ऐलान कर दिया। ज्ञात हो रजिस्ट्री कार्यालय स्थानांतरण को लेकर अधिवक्ताओं को प्रशासन में पूर्व में बाईपास मुख्य मार्ग पर स्थित एक भूखण्ड पर रजिस्ट्री कार्यालय बनाये जाने के विरोध में वकीलों ने विगत दिनों 15 दिन की हडताल की थी। जिसमें एसडीएम ने अधिवक्ताओं को मौखिक रूप से आष्वासन दिया था कि प्रस्तावित स्थल पर निर्माण प्रक्रिया अमल में नही लाई जायेगी। जिस पर वकीलों ने 11 नवम्बर को प्रदर्शन समाप्त कर दिया था। इसके बाद गुरुवार को को पुनः महामंत्री संजय सिंह नम्बरदार को उपनिबन्धक अवधेश कुमार मिश्रा ने फोन द्वारा अधिवक्ताओं को सूचित किया। जिस स्थान पर उपनिबन्धक कार्यालय का निर्माण प्रस्तावित है उसी स्थान पर प्रशासन ने सहमति मांगी है। यह बात जंगल में आग की तरह अधिवक्ताओं में फैल गयी। बार अध्यक्ष प्रदीप कुमार निगम की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मण्डल एसडीएम से वार्ता करने पहुंचा। जिसके बाद एसडीएम के साथ जाकर अधिवक्ताओ ने पुरानी तहसील स्थित दो तीन स्थान दिखाये। जिस पर उपनिबन्धक कार्यालय बनाये जाने के लिए अधिवक्ताओं ने अपनी बात रखी। जिस पर वार्ता के पश्चात् एसडीएम सन्तुष्ट नही दिखाई पडे। जिसको लेकर बार सभागार में तत्काल आमसभा की बैठक की गयी। बार अध्यक्ष यह नेतृत्व में सभी अधिवक्ताओं की सहमति के साथ यह निर्णय लिया गया, कि जब तक लिखित आष्वासन प्रशासन की ओर नहीं मिलता। तब तक रजिस्ट्री कार्यालय व तहसील परिसर से संबंधित सभी कार्य नही होंगे। और अधिवक्ताओं की कलमबन्द हडताल जारी रहेगी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने तहसील चौराहें को जामकर करीब आधे घंटे तक जमकर नारेबाजी करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान बार अध्यक्ष ने कहा, कि पूर्व में जब निर्माण का विरोध किया गया था तब अधिकारियों द्वारा आष्वासन दिया गया था कि उक्त स्थान पर निर्माण नही कराया जायेगा। आष्वासन के पश्चात् पुनः यह बात उठकर सामने आयी है जिसके लिए जब तक लिखित रूप से आष्वासन नही मिलता तब तक कलमबंद हडताल जारी रहेगी। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रेमचन्द्र पाल, राजीव नयन तिवारी, ओमप्रकाश यादव, प्रिंस वर्मा अनीत रावत, नफीस अहमद, अवधेश श्रीवास्तव, सर्वेश श्रीवास्त, नियाज वारसी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# बाजार से घर जा रहे पूर्व बीडीसी पर फायरिंग, सामान मे लगी गोली

भदैंयाध्सुलतानपुर। बुधवार की देर शाम हनुमानगंज बाजार से घर जा रहे बाइक सवार पूर्व बीडीसी पर पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग की गयी। जो बीडीसी के सामान मे लगी और वह बाइक लेकर गिर पड़े। लोगों के दौड़ने पर हमलावर भाग निकले। पीड़ित ने मामले मे नामजद तहरीर दी है और पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। देहात कोतवाली के कुछमुछ बरगदवा निवासी पूर्व बीडीसी शोभनाथ निषाद बुधवार की देर शाम अपनी बाइक से घर पर स्थित परचून की दुकान का सामान लादकर घर जा रहे थे। वह घर के निकट नियाज के खेत के पास मोड़ पर पहुंचे थे कि सड़क किनारे झाड़ी मे पहले से ही घात लगाकर बैठे लोगों ने उन पर फायर झोंक दिया। फायरिंग के बाद गोली उनके पीछे बंधे सामान मे जा लगी और वह बाइक लेकर गिर गये । गोली की आवाज सुनकर आस पास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे तो हमलावर चार लोग मौके से भाग निकले। जिसके बाद उनको बेहोशी की हालत मे सीएचसी भदैंया ले आया गया और घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। इलाज के बाद देर रात वह घर पहुंचे है। शोभनाथ ने गोशांईगंज निवासी दुर्गादत्त, कोतवाली नगर के चुनहा निवासी नंदलाल, कुछमुछ निवासी रंजीत और कुछमुछ निवासी महताब के नाम नामछद तहरीर दी है। पीडित का आरोप है कि गांव की ही गुड्डा देवी उपरोक्त लोगो से मिलकर उनकी जान की दुश्मन बनी है और हत्या की शाजिश रची है। देहात पुलिस घटना की जांच पड़ताल मे जुटी हुई है। देहात कोतवाल सतेन्द्र कुमार सिह ने बताया कि शोभनाथ पर गांव की ही गुड्डा देवी ने छेडछाड सहित गंबीर धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कराया है। जिसमे वह वांछित है । प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

# ’सगे भाईयों ने जाली खतौनी बनाकर बेच दिए क्रय केंद्र पर लाखों का धान, जारी हुई नोटिस

भदैंयाध्सुल्तानपुर(एजेंसी )। लंभुआ विकास खंड के ग्राम पंचायत शिवगढ़ के दो सगे भाइयों ने फर्जी खतौनी और जाली दस्तावेज तैयार कर धान क्रय केंद्र पर दो सौ कुंतल धान बेंच दिया। जिसकी शिकायत गांव के ही सूरज साहू ने खाद्य व रसद विभाग लखनऊ से की है। जिसके बाद विभाग ने जांच शुरू कर उनको नोटिस जारी कर जबाब मांगा है।

शिवगढ़ थाना क्षेत्र के शिवगढ़ गांव निवासी आशुतोष सिंह और अभिषेक सिंह सगे भाइयों ने फर्जी खतौनी और जाली दस्तावेज तैयार कर धान क्रय केंद पर करीब दो सौ कुंतल धान बेच दिया है। गांव के ही शिकायतकर्ता सूरज साहू ने प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ से उक्त प्रकरण की शिकायत कर जांच व कार्रवाई की मांग की है। शिकायत को संज्ञान मे लेकर प्रमुख सचिव ने जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को निर्देशित करते हुए उक्त प्रकरण पर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजय पांडेय ने दोनों सगे भाइयों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर मामले का जबाव मांगा है। उन्होंने कहा है कि साक्ष्य प्रस्तुत न करने की दशा में दोनो को दोषी माना जायेगा और विधिक कार्रवाई सम्पादित कराई जाएगी। इस बारे में शिवगण थाने के एस ओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस बारे मुझे कोई जानकारी नहीं है। यदि शिकायत मिलती है तो अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाही की जाऐगी।

मामला सहकारी संघ के पीसीएफ के शंभूगंज क्रय केन्द्र से जुड़ा है। शिवगढ निवासी आशुतोष सिह ने कादीपुर तहसील के महमदाबाद ग्राम पंचायत की करीब तीन हेक्टेयर की खतौनी पर किसान आईडी 1790181425 पर 26ध11ध23 को 99 कुंतल धान बेंचा है। जिसका भुगतान 216553 रूपया उनके ग्रामीण बैंक शिवगढ खाते मे भेजा गया है। उनके भाई अभिषेक सिह ने कादीपुर तहसील के उडरी गांव की तीन हेक्टेयर की खतौनी पर किसान आई डी 1790181437 पर 96 कुंतल धान बेचा है । और उनके खाते मे 209568 रूपये का भुगतान किया गया है। दोनो भाईयो को चार लाख से अधिक का भुगतान शासन ने किया है।

बिना जमीन के दो सगे भाइयों को राजस्व विभाग ने खतौनी धारक बना दिया है। फर्जी खतौनी पर एसडीएम कादीपुर ने दोनो भाइयों को बड़ा काश्तकार भी दर्शा दिया है। धान खरीद का अप्रूवल मिलने पर मामले की पोल खुली है। स्थानीय शिवगढ़ ग्राम प्रधान सूरज साहू के शिकायत पर जांच होने पर अफसरों की लीपापोती भी उजागर हुई है। कादीपुर तहसील से मामला जुडा है जिसकी जांच जनहित याचिका के बाद डीएसओ और जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने की है। जनहित याचिका को संज्ञान में लेकर हाईकोर्ट ने पूरे मामले में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है । जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजय पांडेय ने बताया कि फर्जी काश्तकार बनने के मामले में हाई कोर्ट को जवाब भेजा जा रहा है।

# दुधारू पशुओं के लिए पशु चाकलेट बनाने का प्रशिक्षण

कुड़वारध्सुलतानपुर(एजेंसी )। स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र बरासिन में दुधारू पशुओं में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने के लिए पशु चाकलेट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया।

गुरुवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र बरासिन में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन वैज्ञानिक डॉ गौरव पाण्डेय द्वारा पशुपालकों को यूरिया मोलासेस मिनरल ब्लॉक पशु चॉकलेट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। पशुचिकित्सा वैज्ञानिक ने बताया कि यूरिया मोलासेस मिनरल ब्लॉक दुधारू पशुओं हेतु प्रोटीन का सस्ता एवं बहुत ही अच्छा श्रोत है। यह ब्लॉक जुगाली करने वाले जानवर जैसे गाय, भैंस, भेड़, बकरी, को जिनकी उम्र एक वर्ष से ऊपर है उन्हें उचित मात्रा में दिया जा सकता है। दुधारू पशुओं में यह ब्लॉक दुग्ध उत्पादन को बढ़ाता है एवं प्रजनन एवं रिपीट ब्रीडिंग जैसे विकार दूर करता है। इस ब्लॉक को बनाने हेतु ब्लॉक बनाने की मशीन, गेहूं का चोकर, गुड का राबध्शीरा, मिनरल मिक्सचर, नमक, विटामिन, यूरिया आदि सामग्री की आवश्यकता होती है। डॉ गौरव पाण्डेय ने बताया कि जहां हरा चारा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध न हो वहां सफल डेयरी संचालन हेतु यूरिया मोलासेस मिनरल ब्लॉक राम बाण साबित होगा।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

कुड़वारध्सुलतानपुर(एजेंसी )। स्थानीय बीआरसी पर शारदा प्रशिक्षण के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र कुड़वार पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। ब्लॉक में संचालित152 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालय में नामित नोडल शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन कर तीन बैच में भाषा, गणित, विज्ञान , अंग्रेजी, सामाजिक विषय, संस्कृत, पर्यावरण के संघनित पाठों पर चर्चा की गई। आरपी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बच्चा स्कूल हर दिन आए इसके लिए सबको सजग रहने की आवश्यकता है।वर्ष में 30 दिन तक अनुपस्थित रहने पर बच्चे आउट ऑफ स्कूल की श्रेणी में शामिल हैं। एआरपी संजय कुमार यादव ने सामाजिक विषय के पाठ्य विंदु पर विस्तार से बताया। एआरपी राजेश मिश्रा ने प्रतिभागी से चर्चा करते हुए कहा कि हमें आउट ऑफ स्कूल बच्चों को लक्षित दक्षताओं को हासिल करने के लिए प्रयास करना है। अनुज तिवारी अरुण बरनवाल, राजेश कुमार श्रीवास्तव,रमेश तिवारी, घनश्याम लाल विवेक प्रताप सिंह आदि के प्रश्नों पर चर्चा की गई।

# मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह की हुई समीक्षा मीटिंग

सुलतानपुर। मोस्ट कार्यालय निषाद भवन विनोवापुरी में 3 जनवरी 2025 को देश की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले जयंती के अवसर पर आयोजित मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 की तैयारीध्समीक्षा मीटिंग की गयी।उक्त मीटिंग मेंमोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह केआयोजक राम उजागिर यादव ने सभी मोस्ट पदाधिकारियों समर्थकोंसामाजिक चिंतकों से प्रचार–प्रसार मेंलग जाने व तन–मन–धन से सहयोग की अपील की है।




# तनु वेड्स मनु 3 में क्या कंगना रनौत के होंगे ट्रिपल रोल?

dंगना रनौत आर माधवन की तनु वेड्स मनु और तनु वेड्स मनु रिटर्न्स काफी हिट रही। दोनों फिल्मों को फैन्स ने काफी पसंद किया। अब सामने आया है कि इस सीरीज की तीसरी फिल्म के लिए प्लानिंग की जा रही है। आनंद एल राय और राइटर हिमांशु शर्मा ने तनु वेड्स मनु के तीसरे पार्ट के लिए प्लॉट भी फाइनल कर लिया है।

पिंकविला की रिपोर्ट के अनुसार, तनु वेड्स मनु–3 वहीं से शुरू होगी, जहां पर पहली दो फिल्में खत्म हुई थीं। यह पहली दो फिल्मों का वास्तव में सिक्वल ही होगी और स्टोरी उसी के इर्द–गिर्द घूमेगी। फिल्म के तीसरे पार्ट में भी पहले दो की तरह ह्यूमर, रोमांस और ड्रामा भरपूर होगा। आनंद एल राय ने तो कॉन्सेप्ट तैयार कर लिया है और यहां तक अगले साल 2025 के दूसरे हिस्से में फिल्म की शूटिंग भी शुरू करने की तैयारी हो रही है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म में कंगना रनौत ट्रिपल रोल में नजर आएंगी, जबकि आर माधवन फिर से सिंगुलर रोल ही निभाएंगे। तनु वेड्स मनु–3 के लिए कंगना रनौत काफी उत्साहित हैं और आनंद एल राय से पूरी फिल्म की स्टोरी सुनने का इंतजार कर रही हैं। तीसरे पार्ट की शूटिंग अगले साल जुलाई या फिर अगस्त में हो सकती है। उससे पहले धनुष और कृ ति सेनन की तेरे इश्क में की शूटिंग पूरी हो जाएगी।

बता दें कि तनु वेड्स मनु के पहले दो पार्ट से तीसरे तक काफी कुछ बदल गया है। कंगना रनौत ने इस दौरान कई अन्य सुपरहिट फिल्में भी दी हैं। वहीं, अब वह हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद भी बन गई हैं। इसके अलावा, कंगना की इमरजेंसी फिल्म भी रिलीज होने का इंतजार कर रही है। फिल्म के कुछ सीन्स को लेकर आपत्ति दर्ज करवाई गई थी, जिसके बाद कोर्ट में कानूनी लड़ाई चल रही है। तनु वेड्स मनु का पहला पार्ट जहां 2011 में रिलीज हुआ था, तो दूसरा चार साल बाद यानी कि 2015 में आया। दोनों ही पार्ट काफी हिट रहे। ¼fgQh½

# फैंस को सता रही कैटरीना की चिंता

C,लीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ को हाल ही में मुंबई के कालिना एयरपोर्ट पर देखा गया। एयरपोर्ट पर कैटरीना को लाल बांधनी साड़ी में देखा गया। कैटरीना का ट्रेडिशनल लुक उनके चाहने वालों को खूब पसंद आ रहा है। कैटरीना के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में फैंस ने कैटरीना के हाथ में एक काला पैच स्पॉट किया है। यह काला पैच देखकर फैंस को कैटरीना कैफ की चिंता सता रही है। कैटरीना कैफ का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, लोग कैटरीना कैफ की खूबसूरती की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। बहुत से



लोग विकी कौशल को कमेंट में टैग करके पूछ रहे हैं कि उन्होंने किस भगवान की पूजा की थी? एक यूजर ने लिखा कि ये कितनी सुंदर लग रही हैं। एक तरफ जहां लोग कैटरीना कैफ की तारीफ कर रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने कैटरीना के हाथ में एक काला पैच देखा है और सवाल पूछ रहे हैं कि कैटरीना की तबीयत ठीक तो है ना? वहीं, एक यूजर ने पूछा कि क्या कैटरीना के हाथ में ये डायबिटीज पैच है? कैटरीना कैफ के काम की बात करें तो हाल ही में उन्हें फिल्म मैरी क्रिसमस में देखा गया था। इस फिल्म में कैटरीना के साथ विजय सेतुपति नजर आए थे। वहीं, खबरे हैं कि कैटरीना कैफ फरहान अख्तर की आनेवाली फिल्म 'जी ले जरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में कैटरीना के साथ आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा को कास्ट किया जाएगा। ¼fgQh½

# शहनाज गिल ने सिद्धार्थ शुक्ला संग अपने रिश्ते पर तोड़ी चुप्पी

'kहनाज गिल और सिद्धार्थ शुक्ला की मुलाकात बिग बॉस 13 में हुई थी। सह–प्रतियोगी होने से लेकर अच्छे दोस्त बनने तक, दोनों काफी कम समय में एक–दूसरे के बहुत करीब आ गए। शो में भी शहनाज सिड के लिए काफी पजेसिव थी और उन्हें अक्सर अपने प्यार को कन्फेस करते हुए भी देखा गया था। घर के बाहर भी स्टार्स हमेशा साथ रहे। फैंस उन्हें प्यार से सिडनाज कहते थे हालांकि साल 2021 में सिद्धार्थ की हार्ट अटैक से मौत हो गई जिसके बाद शहनाज काफी टूट गई थी। उनका रो–रोकर बुरा हाल था। अब एक्टर की मौत के 3 साल बात एक्ट्रेस ने उनके साथ अपने रिश्ते का खुलासा किया है। फन विद फराह पर फराह खान संग बात करते हुए, शहनाज गिल ने खुलासा किया कि वह सिद्धार्थ को लेकर बहुत पजेसिव थीं अभिनेत्री ने खुलासा किया कि उनके लिए शक्ल–सूरत कोई मायने नहीं रखती, लेकिन एक गर्लफ्रेंड के तौर पर उन्हें जलन होती है और वह बेहद पजेसिव हैं। एक्ट्रेस ने कहा, "मैं पजेसिव थी, क्योंकि भाई वह हैंडसम भी था। अगर कोई इतना अच्छा दिखता है, तो पजेसिव महसूस करना स्वाभाविक है।



इसके अलावा, अभिनेत्री ने ये भी बताया कि क्या वह शादी करेंगी और अगर हां तो उन्हें कैसा पार्टनर चाहिए। शहनाज ने कहा, एख साथ के रूप में, मैं काफी वफादार हैं और हमेशा के लिए एक ही आदमी के साथ अपने जीवन की कल्पना करना चाहती हैं। पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी ने कहा कि वह भविष्य में शादी करना पसंद करेंगी हालांकि जिस गुण वाला लड़का वह चाहती हैं, फाइनेंशियल और प्रोफेशनल तरीके से समान हो।सिद्धार्थ शुक्ला और शहनाज गिल की जोड़ी सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर है। दोनों एक साथ काफी क्यूट लगते थे। हालांकि उनकी जोड़ी को किसी की नजर लग गई और साल 2021 में 40 साल की उम्र में कार्डियक अरेस्ट के कारण सिड का निधन हो गया उनकी मौत से शहनाज पूरी तरह से टूट गईं। काफी समय से ऐसी खबरें आ रही हैं कि एक्ट्रेस राघव जुयाल को डेट कर रही हैं। ¼fgQh½

# शनाया कपूर इस फिल्म से रख रहीं बालीवुड में कदम, विक्रांत मैसी के साथ जमेगी जोड़ी

संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने भले ही अभी बॉलीवुड में एंट्री नहीं की, लेकिन वह अपनी खूबसूरती और स्टाइल को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं, वहीं हीरोइन बनने से पहले ही उनकी अच्छी–खसी फैन फॉलोइंग है।बहरहाल, उनसे जुड़ी अब जो खबर सामने आ रही है, उससे शनाया के प्रशंसकों का दिल बेशक खुश हो जाएगा।दरअसल, शनाया



फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं। इस फिल्म के हीरो विक्रांत मैसी हैं।रिपोर्ट के मुताबिक, शनाया का बॉलीवुड में काम करने का सपना पूरा होने जा रहा है। वह हिंदी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर रही हैं।24 साल की शनाया फिल्म में एक थिएटर एक्ट्रेस का किरदार निभाने वाली हैं, वहीं विक्रांत इसमें एक नेत्रहीन संगीतकार की भूमिका में होंगे।इस फिल्म की कहानी भारत के लोकप्रिय लेखक रस्किन बॉन्ड की मशहूर लघु कहानी, द आइज हैव इट पर आधारित है।

ब्रोकन बट ब्युटीफुल और अपहरण जैसी वेब सीरीज बना चुके संतोष सिंह ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है।विक्रांत की फोरेंसिक बना चुकी मिनी फिल्म्स के बैनर तले यह फिल्म बन रही है।निर्माताओं ने फिल्म की लीड हीरोइन के लिए तारा सुतारिया, अलाया एफ और प्रतिभा रांटा से भी बातचीत की थी, लेकिन आखिरकार उन्होंने उन्हें शनाया को फिल्म के लिए चुना, जो पिछले 3 साल से अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म की राह देख रही हैं।अभिनय जगत में कदम रखने से पहले शनाया, जाह्नवी कपूर की फिल्म गुंजन सक्सेनारू द कारगिल गर्ल से बतौर सहायक निर्देशक जुड़ चुकी हैं।इससे पहले वह अपनी मां महीप कपूर की नेटफ्लिक्स सीरीज फेबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स में मेहमान भूमिका में भी दिख चुकी हैं।वह करण जौहर की फिल्म बेधड़क से बॉलीवुड में कदम रखने वाली थी। इससे उनका पोस्टर भी सामने आ चुका था, लेकिन किसी वजह से फिल्म आगे नहीं बढ़ पाई।शनाया की बतौर लीड हीरोइन पहली फिल्म वृषभ होगी, जिसके हीरो मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसकी कहानी पिता और बेटे के रिश्ते के इर्द–गिर्द बुनी गई है। शनाया भी इसमें एक दमदार भूमिका निभाने वाली हैं।इस पीरियड फिल्म की कहानी वर्तमान और अतीत के इर्द–गिर्द घूमती दिखेगी।

# वेट्टैयन की एडवांस बुकिंग शुरू, धड़ाधड़ बुक हो रही हैं रजनीकांत की फिल्म की टिकट

रजनीकांत की आगामी फिल्म वेट्टैयन सिनेमाघरों में अपना जादू दिखाने के लिए तैयार है. फिल्म को रिलीज होने में सिर्फ 4 दिन बाकी हैं. वेट्टैयन, इस गुरुवार को सिनेमाघरों में आ रही है, और फैंस फिल्म की रिलीज को लेकर काफी एक्साइडेट हैं. मेकर्स ने आज, 6 अक्टूबर को वेट्टैयन की एडवांस बुकिंग के लिए टिकट काउंटर खोल किया है. आइए पहले दिन की एडवांस बुकिंग रिपोर्ट के जरिए जानें कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कैसा परफॉर्म कर रही है.टी. जे. ग्नानवेल की निर्देशित, कॉलीवुड एक्शन ड्रामा वेट्टैयन 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसके अलावा, 11 अक्टूबर को तमिलनाडु में आयुध पूजा की छुट्टी है, जो शाम और रात के शो में दर्शकों की संख्या में वृद्धि करने में मदद करेगी. जहां, रविवार को भारत में एडवांस बुकिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है. वहीं, विदेशों में चुनिंदा स्थानों पर एडवांस बुकिंग कई दिन पहले ही शुरू हो गई थी.भारत में वेट्टैयन की प्री–सेल शुरुआती प्रतिक्रिया शानदार रही है, जो रजनीकांत की जबरदस्त लोकप्रियता को साबित करती है. शो की संख्या की बात करें तो, वर्तमान में, आज शाम 5 बजे तक फिल्म की 59,795 तक की टिकट बुक हो चुकी है.



तमिलनाडु में अभी तक (भारतीय समयानुसार शाम 5रू00 बजे), वेट्टैयान ने पहले दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 59508 टिकटें (ब्लॉक की गई सीटों को छोड़कर) बेची हैं. जबकि तेलुगू में 78666 टिकटें बिकी हैं. फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 1.17 करोड़ रुपये का बिजनेस कर लिया है. जबकि ब्लॉक सीटों के साथ फिल्म ने 2.73 करोड़ रुपये कमा लिए हैं.

वेट्टैयन रजनीकांत की 170वीं फिल्म भी है. इस फिल्म की शूटिंग चेन्नई के अलाा हैदराबाद, मुंबई और तिरुवनंतपुरम समेत भारत के कई खूबसूरत जगहों पर की गई है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को 160 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट के साथ बनाया गया है. यह फिल्म इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक होने वाली है.फिल्म में रजनीकांत के साथ बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे. इनके अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फासिल, मंजू वारियर, रितिका सिंह, रोहिणी, दुशरा विजयन, राव रमेश और रमेश थिलक जैसे कलाकार भी शामिल है.

# बाक्स आफिस पर देवरा की दैनिक कमाई में मामूली बढ़त, 230 करोड़ रुपये की कमाई के आंकड़ा पार

जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर जैसे दिग्गज सितारों की उम्दा अदाकारी से सजी फिल्म देवरा को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और दर्शकों के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए हैं।इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 230 करोड़ रुपये की कमाई के आंकड़ा पार कर लिया है।अब देवरा की कमाई के 9वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवरा ने अपनी रिलीज के 9वें दिन यानी दूसरे शनिवार को 8.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 230.35 करोड़ रुपये हो गया है।देवरा का निर्देशन कोराताला शिवा ने किया है। इसमें एनटीआर डबल रोल में नजर आ रहे हैं।देवरा के जरिए जाह्नवी कपूर ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखा है। सैफ अली खान ने फिल्म में भैरा नाम के विलेन की भूमिका निभाई है।देवरा की कहानी एनटीआर की है। वह फिल्म में विलेन बने सैफ उर्फ भैरा के साथ मिलकर समुद्र के जरिए गैर कानूनी कामों को अंजाम देते हैं, लेकिन एक दिन देवरा का ह्रदय परिवर्तन हो जाता है और ये बात भैरा को पसंद नहीं आती।इसी बीच एक दिन देवरा गायब हो जाता है। वह समुद्र में जाने और गैर कानूनी काम करने वालों को बख्शता नहीं है।देवरा सिनेमाघरों के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे सकती है।



# व्हाइट बाडीकान आउटफिट पहन शिल्पा शेट्टी दिखीं बेहद ग्लैमरस, एक्ट्रेस की हाटनेस देखकर फैंस हुए फिदा

बॉलीवुड इंडस्ट्री की फिटनेस क्वीन शिल्पा शेट्टी हमेशा अपने लेटेस्ट लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। बेकाबू हो गए हैं।बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी फिटनेस फ्रीक हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को देखकर तारीफ करते नहीं थकते हैं।



अब हाल ही में एक्ट्रेस को पैपराजी ने मनीष मल्होत्रा के न्यू स्टोर इवेंट लॉन्च के दौरान स्पॉट किया। इस दौरान उनका लुक देखकर फैंस

अब हाल ही में एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को पैपराजी ने बीती शाम इवेंट के दौरान स्पॉट किया, जहां उनका कातिलाना लुक देखकर फैंस हैरान हो गए हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने व्हाइट कलर का स्टाइलिश बॉडीफिटेड गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग नजर आ रही हैं।

खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अपने हर एक आउटफिट में कहर ढाती हैं। फैंस भी उनके स्टाइल को काफी फॉलो करते हैं।

एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी ज्यादा तगड़ी है।

# प्रमुख सचिव ने श्वान बंध्याकरण केंद्र और गौशाला का किया निरीक्षण

लखनऊ(संवाददाता ) प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात और विशेष सचिव महेंद्र बहादुर सिंह ने 21 नवंबर को लखनऊ नगर निगम के जरहारा, इंदिरा नगर स्थित श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया। यह केंद्र ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल इंडिया संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रस्तावित एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) ट्रेनिंग सेंटर की प्रगति का जायजा लिया और इसे विश्व स्तरीय बनाने के निर्देश दिए। साथ ही वर्तमान एबीसी सेंटर के सौंदर्यीकरण और उन्नयन पर जोर दिया गया।निरीक्षण में प्रमुख सचिव ने एबीसी कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि सार्वजनिक स्थलों, पार्कों, स्कूलों और कॉलेजों के आसपास अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रों और वेटरनरी कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए एक्सपोजर विजिट आयोजित कराई जाए, ताकि वे इस प्रक्रिया को समझ सकें। श्वानों के रखरखाव की व्यवस्था को संतोषजनक बताते हुए उन्होंने बंध्याकरण अभियान को और सघन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जानकारी दी गई कि 2019 से अब तक लखनऊ नगर निगम ने 84,500 श्वानों का सफलतापूर्वक बंध्याकरण और टीकाकरण किया है, जबकि शहर में श्वानों की कुल संख्या लगभग 1,10,000 है।इसके बाद, प्रमुख सचिव ने राधा उपवन गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गायों की सेहत देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें गुड़ खिलाया। साथ ही गौशाला के सौंदर्यीकरण और गोवंश के फोटोग्राफ नगर विकास पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने कहा कि पशुपालकों से जुर्माना ऑनलाइन वसूला जाए और दूध देने के बाद पशुओं को खुला छोड़ने पर अधिकतम जुर्माना लगाया जाए।निरीक्षण के दौरान एबीसी मॉनिटरिंग कमिटी की राज्य सदस्य गौरी मुलेखी, अपर निदेशक मोहम्मद असलम अंसारी, अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव, मुख्य अभियंता महेश वर्मा, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह और पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों को गोद लेने वाले दंपत्ति और सिंगल पैरेंट्स ने अपने अनुभवों को किया साझा

लखनऊ,(संवाददाता)। योगी सरकार द्वारा बड़े बच्चों के पुनर्वास और उन्हें नई दिशा देने के उद्देश्य से श्दत्तक ग्रहण जागरूकता माह–2024 के अंतर्गत एक विशेष राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स ऑडिटोरियम में गुरुवार को आयोजित इस कॉन्क्लेव में भारत सरकार की ओर से महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहीं। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने योगी सरकार द्वारा बच्चों के पुनर्वास को लेकर किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन महिला एंव बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर सहित उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता चौहान ने श्देखभाल और पालन–पोषण की भावना द्वारा बड़े बच्चों का पुनर्वासश विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बड़े पैमाने पर लोगों को ऐसे बच्चों को गोद लेने और फोस्टर केयर (पालन–पोषण) की कानूनी प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना रहा, जो या तो निराश्रित हों या करीबी परिवार के ही अनाथ सदस्य हों। साथ ही, समाज में ऐसे बच्चों के पुनर्वास के लिए अपनापन और संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करने पर भी वक्ताओं ने विशेष जोर दिया। कान्क्लेव के दौरान सावित्री ठाकुर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की सहायता से राजधानी लखनऊ में हमारे हितधारक और माता–पिता एकत्रित हुए हैं। यहां हम दत्तक परिवारों से चर्चा कर बच्चों को गोद लेने के उनके अनुभवों के बारे में जान रहे हैं वहीं हम अपने हितधारकों के साथ कानूनी दत्तक–ग्रहण की सभी प्रक्रियाओं पर परिचिर्चा कर रहे हैं। उन्होंने मीडिया को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस बार हमारे पूरे अभियान का थीम "फॉस्टर केयर और फॉस्टर अडॉप्शन के जरिए बड़ी उम्र के बच्चों का पुनर्वास" है। 6 साल से अधिक उम्र के बच्चे जिनका अडॉप्शन आसानी से नहीं हो रहा, उनके लिए हमारे सिस्टम में फॉस्टर केयर का एक विकल्प मौजूद है। इस विकल्प के जरिए 'नो विजिटेशन' और 'अनफिट गार्डियन्स‑पैरेंट्स' की श्रेणी के अंतर्गत आने वाले बच्चों को अस्थायी पारिवारिक देखरेख प्रदान की जाती है।बेबी रानी मौर्या ने अपने वक्तव्य के दौरान प्रतिभागियों को बताया कि बाल संरक्षण उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के लिए प्राथमिकता का विषय रहा है। प्रदेश सरकार बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और कल्याण में अग्रणी भूमिका निभा रही है। महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता सिंह चौहान ने कहा कि बच्चा दत्तकग्रहण के माध्यम से एक परिचित वातावरण में रहे और भाषाई या सामाजिक–सांस्कृतिक स्तर पर बड़ी चुनौतियाँ ना पेश करे, यह आवश्यक है। इस अवसर पर केयरिंग पोर्टल के जरिए बच्चों को गोद लेने वाले दंपत्ति गुरप्रीत सिंह और नवनीत ग्रेवाल, मो आरिफ खान और दीप्ति सिंह, वीरेन्द्र और शर्मिला पाल तथा सिंगल पैरेंट डॉ रचना भारती को सम्मानित किया गया। सभी ने अपने अनुभवों को साझा किया। इसी प्रकार फॉस्टर केयर से बच्चा गोद लेने वाली डॉ शहनवाज ने अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान शकिलकारियांश शीर्षक से प्रेरक कहानियों का प्रस्तुतिकरण किया गया। वहीं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। इसमें नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा श्राधा तेरी चुनरी...श गीत, किशोरियों द्वारा रानी झांसी के जीवन को प्रस्तुत करते हुए समूह नृत्य का विशेष आयोजन किया गया। वहीं बच्चों द्वारा बनाए गये उत्पादों की प्रदर्शनी को भी लोगों ने खूब सराहा। दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा हर साल नवंबर माह को श्राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माहश के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष, इस अभियान का विशेष आयोजन उत्तर प्रदेश के लखनऊ में किया गया है। कार्यक्रम में भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य, राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, राज्य महिला आयोग की आध्यक्ष बबिता चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव अनिल मलिक, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव लीना जोहरी, निदेशक संदीप कौर, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की संयुक्त सचिव प्रीती पन्त समेत प्रदेश में गठित बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य, चिकित्सा विभाग के पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के पदाधिकारी, यूनिसेफ, चाइल्ड हेल्प लाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई, देखरेख संस्थाओं तथा विशेषिकृत दत्तक ग्रहण अभिकरणों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव ने उपचुनाव में भाजपा की हार को लेकर हमला बोला, लोकतंत्र की रक्षा में जुटे कार्यकर्ताओं की सराहना की

लखनऊ(संवाददाता ) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा उपचुनावों के बाद प्रदेशवासियों को धन्यवाद देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ये चुनाव प्रदेश की 90 प्रतिशत आबादी के अधिकारों और मान–सम्मान के लिए थे, जिनमें पीडीए की एकजुटता ने भाजपा की सत्ता की निरंकुशता को नकारा।श्री यादव ने भाजपा द्वारा चुनावी प्रक्रिया में किए गए दुरुपयोग और सत्ता के बल पर लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयासों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा की निरंकुश सरकार और उसकी तमाम कोशिशों के बावजूद पीडीए का हौसला नहीं टूट सका और जनता ने लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया।उन्होंने उन सभी मतदाताओं, उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को भी उनकी सकारात्मक और साहसी पत्रकारिता के लिए बधाई दी।श्री यादव ने यह भी कहा कि भाजपा की सत्ता अब खत्म होने वाली है, क्योंकि वे धर्म और न्याय के मार्ग से भटक चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी धांधली और ताकत के बल पर अपनी हार को टालने की कोशिश कर रही है, लेकिन लोकतंत्र में अंततः सत्य की जीत होती है।उन्होंने खासकर उन माताओं और बहनों की सराहना की जिन्होंने पुलिस की धमकियों और भाजपा के दबाव के बावजूद मतदान किया और लोकतंत्र को मजबूत किया।

# पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती 22 नवम्बर को सादगी से मनाई जाएगी



लखनऊ (संवाददाता ) पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती 22 नवम्बर 2024 को प्रदेश में सादगी से मनाई जाएगी। श्री यादव की स्मृति में 20 नवम्बर 2024 से ही विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है।गाजियाबाद के इंदिरापुरम में 20 नवम्बर को कम्बल वितरण और भण्डारा आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सचिव श्री राजेन्द्र चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री किरनमय नंदा ने 21 नवम्बर को सैफई जाकर मुलायम सिंह यादव के समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और मोमबत्तियां जलाकर नमन किया। इस अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विकास यादव भी उनके साथ थे।समाजवादी शिक्षक सभा ने श्री यादव की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की, जिसका मुख्य विषय था षशिक्षा और भारतीय भाषाओं के अग्रदूत नेताजी थेष। गोष्ठी में समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर बी. पांडे और राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप यादव ने अपने विचार रखे।इस अवसर पर समाजवादी शिक्षक सभा ने पूरे सप्ताह को श्सेवा सप्ताहश के रूप में मनाने का संकल्प लिया। प्रोफेसर बी. पांडे ने नेताजी के योगदान को याद करते हुए कहा कि जब भी नेताजी सत्ता में थे, उन्होंने भारतीय भाषाओं के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा दिया।मुलायम सिंह यादव की जयंती की पूर्व संध्या पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड ने रानी लक्ष्मी बाई हॉस्पिटल में मरीजों को फल वितरित किए और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।21 नवम्बर को मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए व्हील चेयर दान और भण्डारा आयोजित किया जाएगा, जिसकी पहल नगर निगम पार्षद दल के उपनेता देवेन्द्र सिंह यादव जीतू और पूर्व नगर उपाध्यक्ष नवीन धवन बंटी ने की।22 नवम्बर को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में नेताजी की जयंती मनाने के बाद सायंकाल मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव होंगे।इसके अतिरिक्त, जनपद जौनपुर के मड़ियाहूं विधानसभा क्षेत्र के रामपुर में कुश्ती दंगल कार्यक्रम का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल ने किया। इस मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में प्रदेश के निकायों के बेहतर प्रदर्शन के लिए मंत्री ए.के. शर्मा ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

लखनऊ।(संवाददाता ) प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के.



शर्मा ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण–2024 के मद्देनजर निकायों के कार्यों की वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मियों से ठोस प्रयास करने और स्वच्छता मानकों को सुधारने की अपील की। मंत्री ने कहा कि सभी निकायों में नियमित सफाई, कूड़ा निस्तारण, गार्वेज मुक्ति, और सोर्स सेग्रीगेशन पर गम्भीरता से कार्य किया जाए।श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जैसे ऊर्जा विभाग में लापरवाही पर कार्रवाई की जाती है, उसी तरह निकायों में भी लापरवाही के लिए सख्त दंड होगा।उन्होंने निकायों में कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग के लिए चेक प्वाइंट स्थापित करने और ऐप्स व आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, पानी के स्रोतों और अमृत सरोवरों के जीर्णोद्धार, स्वच्छता, हरियाली बढ़ाने और बुजुर्गों व बच्चों के लिए ट्रैक पाथ बनाने की भी बात की।स्वच्छता कार्यों में मैनपावर और मशीनों का सही इस्तेमाल और प्रदूषण को नियंत्रित करने पर भी ध्यान देने की बात कही। मंत्री ने यह भी सुनिश्चित किया कि सफाई मित्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाएगा।बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास श्री अजय कुमार शुक्ला, और अन्य अधिकारी उपस्थित थे,

# सीएम योगी ने मां पाटेश्वरी की पूजा अर्चना कर की गौ-सेवा

लखनऊ,(संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार रात्रि देवीपाटन शक्तिपीठ में विश्राम करने के बाद गुरुवार सुबह नाथ संप्रदाय की परंपरा निभाते हुए आदि शक्ति मां पाटेश्वर की विधिवत पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर में स्थित गौशाला पहुंचे वहां उन्होंने गौ सेवा करते हुए गायों को गुड़ तथा हरा चारा खिलाया। गायों के बच्चों को उन्होंने प्यार दुलार भी किया। इन सब कामों से निवृत्त होकर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित थारू छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे बनवासी थारू जनजाति के बच्चों से उनका हाल–चाल जाना। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने रात्रि विश्राम के दौरान स्थानीय पार्टी जनप्रतिनिधियों तथा पदाधिकारियों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने जिले के विकास में कानून व्यवस्था पर भी चर्चा की साथ ही साथ उन्होंने जिले में संगठन का भी हाल–चाल लिया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में प्रमुख रूप से सदर विधायक पलटू राम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व सांसद तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्दन मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष बलरामपुर आरती तिवारी,भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह,डॉ अजय सिंह पिंकू व प्रवीण कुमार सिंह विक्की सहित अन्य कई लोग शामिल थे। मुलाकात के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम का भी जायजा लिया इसके पश्चात मुख्यमंत्री भावनियापुर हेलीपैड पहुंचे और वहां से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मंडल तथा जिले के तमाम आल्हा अधिकारी मौजूद रहे।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की तीसरी सांस्×तिक संध्या में कला और संस्कृति का अद्भुत संगम




लखनऊ (संवाददाता )के कानपुर रोड स्थित एलडीए कालोनी के स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान और नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन आयोजकों अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, विनय दुबे, रणवीर सिंह और हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।इस सांस्कृतिक संध्या में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर अपनी मेहनत और समर्पण से शहर का नाम रोशन करने वाले हुनरमंदों को सम्मानित किया गया। सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा आयोजित बाल अवध रत्न सम्मान समारोह में राष्ट्रीय स्केटिंग खिलाड़ी मन्नत अशरफ शेख, ताइक्वांडो खिलाड़ी प्रिशा त्रिवेदी, यूट्यूबर रुद्राक्ष सिंह, कथक नृत्यांगना शिक्षा अग्रवाल और आशी त्रिवेदी, तैराक खिलाड़ी जन्नत अशरफ शेख, लोक नृत्यांगना आंद्रित्या सिंह और अन्य को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।सांस्कृतिक संध्या के दौरान नन्हीं प्रतिभाओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। खुशप्रीत कौर और कृतिका सिंह ने षविनती सुनिए नाथ हमारीष से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद मन्नत अशरफ शेख ने षजहां जहां राधे वहां गाएंगे मुरारीष पर प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा गुनगुन कौर, श्री अग्रवाल, आंद्रित्या सिंह और करीना ठाकुर ने विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया।महोत्सव के कवि सम्मेलन में कवित्रियों ने अपनी–अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस सत्र का संचालन डॉ. शोभा दिक्षित षभावनाष और डॉ. रेनू द्विवेदी ने किया। पायल सोनी, अंशिका शुक्ला, अमित मिश्रा, भारती, नीतू सिंह चौहान, मीरा चौरसिया सरोज, उमा लखनवी और श्वेता शुक्ला ने अपनी कविताओं का पाठ किया।इस अवसर पर महोत्सव समिति के सदस्य रणवीर सिंह, विनय दुबे, हेमू चौरसिया, सत्य शरण सिंह, मनोज सिंह चौहान, विवेक सिंह और दिव्यांश गोयल भी उपस्थित रहे। महोत्सव का रंगमंच संचालन प्रदीप शुक्ला ने किया।

# 'महोत्सव की शाम कवित्रियों के नाम रही, ''जहां जहां राधे वहां जागेंगे मुरारी पर जमकर झूमे दर्शक'

लखनऊ,(संवाददाता)। कानपुर रोड एलडीए कालोनी के स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की तीसरी सांस्कृतिक संध्या पर आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा, विनय दुबे, रणवीर सिंह, हेमू चौरसिया द्वारा द्वीप प्रज्जवल्लन कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ किया गया। सांस्कृतिक संध्या में विषम परिस्थितियों में भी मजबूत इच्छा शक्ति की बदौलत उत्कृष्ट कार्य कर शहर का नाम रोशन करने वाले हुनरमंदो को सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा बाल अवध रत्न सम्मान समारोह ओर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा और सुरभि कल्चरल ग्रुप की अध्यक्ष मानता सक्सेना ने राष्ट्रीय स्केटिंग खिलाड़ी – मन्नत अशरफ शेख, ताइक्वांडो खिलाड़ी –प्रिशा त्रिवेदी, यूट्यूबर–रुद्राक्ष सिंह , कथक नृत्यांगना–शिक्षा अग्रवाल, आशी त्रिवेदी, श्री अग्रवाल, काशवी शर्मा,आरोही कश्यप ,तैराक खिलाड़ी –जन्नत अशरफ शेख, लोक नृत्यांगना–आंद्रित्या सिंह , अनाया गौतम, कोरियोग्राफर तनु ठाकुर को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर नन्हीं प्रतिभाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसकी शुरूआत खुशप्रीत कौर, कृतिका सिंह ने विनती सुनिए नाथ हमारी से की। इसके बाद मन्नत अशरफ शेख की मनभावन प्रस्तुति जहां जहां राधे वहां गाएंगे मुरारी पर जम कर झूमे दर्शक ।गुनगुन कौर ने मेरे डोलना मेरी प्यार की धुन, श्री अग्रवाल ने अलबेला सजन.. आंद्रित्या सिंह ने ..पिया तोसे नैना लागे रे, करीना ठाकुर ने मैने पायल है छनकाई.. गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। महोत्सव में कवित्रियों द्वारा सम्मेलन चारु काव्यागन संस्थाध्यक्ष डॉ रेनू द्विवेदी मंच अध्यक्ष डॉक्टर शोभा दिक्षित षभावनाष मुख्य अतिथि रेनू वर्मा षेणुष विशिष्ट अतिथि संध्या सिंह संचालक डॉक्टर सुधा मिश्रा सहित कवित्रियों ने मंच पर कविता सुनाई क्रमशः पायल सोनी ,अंशिका शुक्ला, अमित मिश्रा, भारती, नीतू सिंह चौहान, मीरा चौरसिया सरोज, उमा लखनवी एवम श्वेता शुक्ला ने अपनी अपनी कविताएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।इस दौरान महोत्सव समिति के रणवीर सिंह ,विनय दुबे, हेमू चौरसिया, सत्य शरण सिंह ,मनोज सिंह चौहान,विवेक सिंह एवम दिव्यांश गोयल उपस्थित रहे । महोत्सव के रंगमंच का संचालन प्रदीप शुक्ला ने किया।

# 'देश की हर बेटी में रानी लक्ष्मीबाई की झलक दिखती है- नेहा खरे'

लखनऊ,21 नवंबर 2024 (यूएनएस)। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था प्रगति विचारधारा फाउंडेशन ने आज शहीद पथ पर चल रहे अवध महोत्सव में रानी लक्ष्मी बाई जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के अध्यक्ष नेहा खरे ने दीप प्रज्वलित कर रानी लक्ष्मीबाई फोटो पर माल्यार्पण करके की। इसके बाद गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई और छोटे–छोटे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। शानदार प्रस्तुति देने वाले बच्चों मे विनीशा खरे, शानवी सिंह, अंकिता शुक्ला, नंदिनी, विधि और उनकी टीचर काजल पाण्डेय ने लोकगीतों और नृत्य करके दर्शकों के बीच वाहवाही बटोरी। संस्था की अध्यक्ष नेहा खरे ने कहा कि देश की हर बेटी में रानी लक्ष्मीबाई जैसा साहस और शौर्य होना चाहिए और हमें अपनी बेटियों को इतिहास की वीर गाथाएं सुनकर उनका हौसला बढ़ाना चाहिए। बुंदेलखंड की सरजमी पर हमेशा वीर और साहसी लोगों ने जन्म लिया है। मैं भी उसी सरजमी की बेटी हूं और आने वाली पीढ़ी को भी संदेश देना चाहती हूं की बेटियों को कमजोर नहीं बहादुर और साहसी बनाएं। कार्यक्रम में संस्था की सहयोगी मनोरमा सिंह, पूनम सिंह, संगीता सिंह के साथ साथ आर्यांश खरे उपस्थित रहे।

# जीवन बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए रामगोपाल सिंह'

लखनऊ,21 नवंबर 2024 (यूएनएस)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) जीवन बीमा क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी अपने उपभोक्ताओं की पहली पसंद बनी हुई है। और साथ ही अपने अभिकर्ताओं के साथ भी खड़ी दिखती है। जीवन बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर भारतीय जीवन बीमा निगम राजाजीपुरम के वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक सर्वेश कुमार सिंह ने वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रामगोपाल सिंह को सम्मानित किया गया। मौके पर सहायक शाखा प्रबन्धक विकेश पाण्डेय, सीएलआईए आलोक श्रीवास्तव मौजूद रहे। होटल सामड़ा में आयोजित वार्षिक मीटिंग के मौके पर वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि जीवन बीमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को सम्मान करने में एलआईसी पीछे नहीं रहती।

# नेटफ्लिक्स की क्राईम थ्रिलर 'सिकंदर का मुकद्दर' 29 नवंबर को होगी रिलीज, लखनऊ में अभिनेता तमन्ना भाटिया और अविनाश तिवारी ने किया प्रमोशन

लखनऊ, (संवाददाता )लंबे इंतजार के बाद, नेटफ्लिक्स अपनी नई क्राईम थ्रिलर 'सिकंदर का मुकद्दर' के साथ दर्शकों को रोमांचित करने के लिए तैयार है। फिल्म का निर्देशन नीरज पांडे ने किया है और इसे फ्राईडे स्टोरीटेलर्स ने प्रोड्यूस किया है। इसमें प्रमुख भूमिकाओं में जिमी शेरगिल, तमन्ना भाटिया और अविनाश तिवारी नजर आएंगे। यह फिल्म 29 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगी और इसमें हीरे की चोरी के रहस्य को सुलझाने के लिए एक पुलिस अधिकारी की रोमांचक यात्रा को दिखाया जाएगा।कहानी की शुरुआत होती है 2008 में एक हीरे की प्रदर्शनी में चोरी से, जिसके बाद पुलिस अधिकारी जसविंदर सिंह (जिमी शेरगिल) तीन संदिग्धों – कामिनी सिंह (तमन्ना भाटिया), सिकंदर शर्मा (अविनाश तिवारी) और मंगेश देसाई (राजीव मेहता) पर अपनी जांच केंद्रित करते हैं। जैसे–जैसे जांच आगे बढ़ती है, गुनाह और बेगुनाह के बीच की रेखाएं धुंधली होती जाती हैं, और दर्शक रहस्य का अनुमान लगाने में व्यस्त हो जाते हैं।फिल्म की रिलीज से पहले, तमन्ना भाटिया और अविनाश तिवारी लखनऊ पहुंचे। तमन्ना ने शहर के बारे में कहा, षलखनऊ का मेरे दिल में विशेष स्थान है। यहाँ आकर 'सिकंदर का मुकद्दर' के बारे में बताना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक रोमांचक कहानी है जिसमें भावनाओं का उतार–चढ़ाव है और आप अंत तक वास्तविकता पर सवाल उठाते रहेंगे।ष वहीं, अविनाश तिवारी ने कहा, षयहाँ आकर इस फिल्म के बारे में बात करना खास है। लखनऊ की ऊर्जा और प्यार प्रेरणादायक हैं। मुझे यकीन है कि दर्शकों को इस फिल्म में रहस्य और मानवता की गहराई पसंद आएगी।षनीरज पांडे की स्टोरीटेलिंग और बेहतरीन कलाकारों के साथ, 'सिकंदर का मुकद्दर' क्राईम ड्रामा की शैली को नया आयाम दे रही है।

# आम आदमी पार्टी ने अडानी पर रिश्वतखोरी के आरोप लगाए, पीएम मोदी से पूछताछ की मांग

लखनऊ(संवाददाता )आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके करीबी मित्र गौतम अडानी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। संजय सिंह ने दावा किया कि अडानी समूह ने भारत में 12,000 मेगावॉट बिजली आपूर्ति के लिए ठेके हासिल करने के बदले में 2,125 करोड़ रुपये की रिश्वत दी। इस परियोजना में अमेरिकी कंपनियों ने भी 25,000 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जिसके डूबने के डर से अमेरिकी अदालत ने इस मामले की जांच की।संजय सिंह के अनुसार, जांच में यह खुलासा हुआ कि अडानी के भतीजे सागर अडानी ने अधिकारियों को रिश्वत दी थी, और इस बारे में सबूत भी मिले हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मित्र अडानी के लिए राज्य सरकारों पर दबाव डाला कि महंगी बिजली खरीदी जाए, जिससे जनता को आर्थिक नुकसान हुआ।संजय सिंह ने इस मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराए जाने की मांग की और प्रधानमंत्री से पूछताछ करने की अपील की।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।